दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 133 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर। बुधवार, 18 मार्च 2026 | चैत्र, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत

# युवा मेहनत करें, राज्य सरकार आपके साथ खड़ी है- सीएम शर्मा





## विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की भूमिका अहम-हमारी सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध : भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा तरुणाई राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है। भारत दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देशों में से एक है। युवाओं की ऊर्जा एवं प्रतिभा का उपयोग कर देश दुनिया में सिरमौर बन सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने में युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है। हमारी सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शर्मा ने युवाओं से अपील की है कि वे मेहनत करें, सरकार हर कदम पर साथ खड़ी है। श्री शर्मा मंगलवार को मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों के कारण ही राजपूताना की रियासतों का एकीकरण संभव हो सका। सरदार पटेल ने 30 मार्च 1949 को भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इन्द्रयोग में वृहद् राजस्थान की स्थापना की थी। इसीलिए हमने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर ही राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में इस वर्ष 19 मार्च को यह दिवस पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### प्रधानमंत्री किसान, युवा, महिला और मजदूर के उत्थान के लिए संकल्पित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं। प्रधानमंत्री देश के किसान, युवा, महिला और मजदूर चारों वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने देश में विकास एवं गरीब कल्याण की योजनाओं से दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया है। है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में स्टार्टअप का इकोसिस्टम तैयार किया है। स्टार्टअप से युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमताओं को साबित करने के लिए मंच मिला है तथा उन्हें आगे बढ़ने के अनेक अवसर प्राप्त हुए है।

### बजट में युवाओं के सशक्तीकरण के लिए उठाए गए ठोस कदम

श्री शर्मा ने कहा कि बजट 2026-27 में भी युवाओं के सशक्तीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। जनजाति क्षेत्र के 5 हजार युवाओं को अपना उद्यम स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। साथ ही, जयपुर में अटल बिहारी वाजपेयी ग्लोबल सेंटर फॉर एडवांस्ड स्किलिंग की स्थापना तथा 50 पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में आईसीटी लैब बनाई जाएगी।

### युवा नीति से उद्यमिता को मिल रहा बढ़ावा

श्री शर्मा ने कहा कि युवाओं के लिए हमारी सरकार युवा नीति लाई है, जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिल सके। साथ ही, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत युवाओं को ब्याजमुक्त ऋण दिया जा रहा है। हमारी मंशा है कि युवा रोजगार प्राप्त करने के साथ रोजगार प्रदाता बनें।

उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय पेपरलीक जैसे प्रकरणों से युवाओं के सपने चूर-चूर हो गए थे, लेकिन हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। पेपरलीक जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए एसआईटी का गठन कर कड़ी कार्रवाई की गई है और अब तक 420 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को 4 लाख सरकारी क्षेत्र में एवं 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार देने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। अब तक 1 लाख 25 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं।

# बच्चा गोद लेने पर मां को 12 हफ्ते छुट्टी

### 3 महीने से कम उम्र का नियम हटा; सुप्रीम कोर्ट बोला- पिता को छुट्टी का भी नियम बने




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिला को 12 हफ्ते की छुट्टी मिलेगी। सिर्फ 3 महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही छुट्टी देना गलत है। जस्टिस जे बी परदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी। इस दौरान बेंच ने धारा 60(4) को असंवैधानिक करार देते हुए बच्चे की उम्र 3 महीने से कम होने के नियम को रद्द कर दिया। हमसानंदिनी नंदूरी ने इस मामले में जनहित याचिका दाखिल की थी।

उन्होंने कहा था कि उम्र के आधार पर छुट्टी देना गलत है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) का उल्लंघन है। इसके अलावा कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पितृत्व अवकाश (पिता की छुट्टी) को भी कानून में शामिल करे। कोर्ट ने कहा कि इसकी अवधि माता-पिता और बच्चे की जरूरतों के अनुसार तय होनी चाहिए।

# ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प

### नाटो देश बोले- ये हमारी लड़ाई नहीं, होर्मुज का रास्ता खुलवाने से इनकार



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी।** ईरान में खामेनेई समेत 40 से भी ज्यादा अधिकारियों के मारे जाने के बाद अमेरिका को यह जंग बड़ी कामयाबी नजर आ रही थी। लेकिन 17 दिन बाद हालात बदल चुके हैं। युद्ध का कोई साफ अंत नजर नहीं आ रहा है।

ईरान ने जवाब में होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते तेल आपूर्ति रोक दी, जिससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बड़ी चोट पहुंची है। ट्रम्प अब अपने सहयोगी नाटो देशों से होर्मुज में रास्ता खुलवाने की अपील कर रहे हैं। हालांकि इन देशों ने साफ कर दिया है कि वे होर्मुज स्ट्रेट में अपने वॉरशिप नहीं भेजेंगे। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर नाटो देश इस अहम समुद्री रास्ते को फिर से खोलने में मदद नहीं करते, तो नाटो का भविष्य खराब हो सकता है।

द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि इस मामले में कभी कोई फैसला नहीं हुआ, इसलिए जर्मनी के सैन्य योगदान का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार खत्म होनी चाहिए, लेकिन बमबारी करके उसे झुकाना सही तरीका नहीं है।

# ईरान ने साफ शब्दों में यूएस, इजरायल को दी चेतावनी युद्ध हमने शुरू नहीं किया, लेकिन इसे खत्म हम ही करेंगे

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पश्चिम एशिया इस समय आग के दरिया में बदल चुका है और हालात हर गुजरते पल के साथ और भी भयावह होते जा रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में इजराइल ने दावा किया है कि उसने ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारिजानी और बसिज बल के प्रमुख गोलाम रजा सुलेमानी को मार गिराया है। यदि यह दावा सच साबित होता है तो यह ईरान की सत्ता संरचना पर एक और जबरदस्त प्रहार होगा, क्योंकि इससे पहले फरवरी के अंत में हुए हमलों में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे जा चुके हैं।

हम आपको बता दें कि अली लारिजानी केवल एक नेता नहीं थे, बल्कि ईरान की रणनीतिक सोच का अहम चेहरा माने जाते थे। वह राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव थे और खामेनेई के बेहद करीबी सलाहकार भी रहे। उनकी मौजूदगी ईरान के राजनीतिक और सैन्य संतुलन के लिए बेहद जरूरी मानी जाती थी। ईरान ने अब तक उनकी मौत की पुष्टि नहीं की है। इस बीच उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर एक हस्तलिखित संदेश पोस्ट किया गया, जिसमें नौसेना के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई, लेकिन यह संदेश इजराइल के दावे को झुठलाने में नाकाम रहा।

दूसरी ओर, गोलाम रजा सुलेमानी की मौत का दावा भी बेहद अहम है। बसिज बल को ईरान के अंदरूनी विरोध को कुचलने वाली ताकत माना जाता है। इस बल पर आरोप है कि उसने प्रदर्शनकारियों पर कड़ी कार्रवाई की और व्यापक गिरफ्तारियां कीं। ऐसे में सुलेमानी का खत्म होना ईरान की आंतरिक पकड़ को कमजोर कर सकता है। इजराइल ने इसे ईरान की कमान और नियंत्रण व्यवस्था पर बड़ा प्रहार बताया है। हम आपको यह भी बता दें कि इजराइल के हमले केवल नेताओं तक सीमित नहीं हैं। उसने तेहरान, शिराज और तबरीज जैसे शहरों में एक साथ हमले कर ईरान के सुरक्षा ठिकानों, मिसाइल भंडार और ड्रोन अड्डों को निशाना बनाया। यह

# परीक्षा में डमी कैंडिडेट बैठाकर बना सीनियर टीचर

### 2 साल से ठिकाने बदल-बदलकर रह रहा था

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** डमी कैंडिडेट बैठाकर टीचर बने आरोपी को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही एक डमी कैंडिडेट को भी पकड़ा है। दोनों आरोपी पिछले दो साल से पहचान छुपाकर ठिकाने बदल-बदलकर फरारी काट रहे थे। एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया- दिसंबर 2023 में दर्ज सीनियर टीचर चीटिंग केस में शिक्षक अशोक कुमार विश्नोई (29) को सोमवार रात बाड़मेर से पकड़ा। वहीं, डमी कैंडिडेट विजय पाल सिंह (30) को जालोर से अरेस्ट किया। एसओजी उनके साथियों को पहले ही अरेस्ट कर ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज चुकी है।

### 2023 में दोबारा हुई थी परीक्षा

एडीजी (एसओजी) ने बताया- राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सीनियर टीचर (माध्यमिक शिक्षा) द्वितीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा-2022 आयोजित की गई थी। इसमें 24 दिसंबर 2022 को सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान और विज्ञान विषय की परीक्षा हुई थी। ये पेपर लीक हो गए थे। इसके बाद परीक्षा को निरस्त कर दिया था। 29 जनवरी 2023 को दोबारा परीक्षा कराई गई थी।

### डमी कैंडिडेट बैठाया और बन गया टीचर

दोनों विषयों की परीक्षा में धोरीमन्ना (बाड़मेर) निवासी अशोक कुमार विश्नोई पुत्र हनुमानाराम विश्नोई ने डमी कैंडिडेट बैठाया। बागोड़ा (जालोर) निवासी हनुमानाराम पुत्र तेजाराम विश्नोई ने अशोक की जगह सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान की परीक्षा दी।




# पीएम मुद्रा योजना से छोटे उद्यमियों को ताकत, बिना गारंटी लोन पर जोर: वित्त मंत्री सीतारमण

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) देश के छोटे उद्यमियों को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। इस योजना के तहत बिना किसी गारंटी के लोन दिया जाता है, जिससे लाखों लोग अपने बिजनेस आइडिया को आसानी से शुरू कर पा रहे हैं।

राज्यसभा में योजना के प्रभाव से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि पीएम मुद्रा योजना के तहत तीन तरह के लोन दिए जाते हैं ङ्क शिशु (50,000 रुपए तक), किशोर (50,001 से 5 लाख रुपए तक) और तरुण (5 लाख से 10 लाख रुपए तक)। ये तीनों कैटेगरी अलग-अलग स्तर के कारोबार के लिए हैं, जिससे छोटे और माइक्रो बिजनेस को बढ़ावा मिलता है। 31 मार्च 2025 तक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, शिशु कैटेगरी में 12.4 प्रतिशत, किशोर में 9.4 प्रतिशत और तरुण में 7.92 प्रतिशत लोन नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) के रूप में दर्ज हैं। बैंकों द्वारा इन लोन की वसूली के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि योजना को लंबे समय तक टिकाऊ बनाया जा सके।

वित्त मंत्री ने तरुण प्लस कैटेगरी को लेकर भी बात की, जिसमें 20 लाख रुपए तक का बिना गारंटी लोन दिया जाता है। यह योजना खास तौर पर उन उद्यमियों के लिए है जिन्होंने पहले लिए गए तरुण लोन को समय पर चुका दिया है और अब अपने कारोबार को और बढ़ाना चाहते हैं।

यह नई कैटेगरी केंद्रीय बजट 2024-25 के बाद शुरू की गई थी और अक्टूबर 2024 से लागू हुई है। इस पर उन्होंने कहा कि यह योजना अभी नई है, इसलिए इसके सही असर को देखने के लिए थोड़ा समय देना जरूरी है।

2015 में शुरू हुई पीएम मुद्रा योजना के तहत अब तक 52 करोड़ से ज्यादा लोन दिए जा चुके हैं, जिनकी कुल राशि 32 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 5.5 लाख करोड़ रुपए के अतिरिक्त लोन भी स्वीकृत किए गए हैं।

इस योजना का सबसे बड़ा फायदा महिला उद्यमियों को मिला है, क्योंकि कुल लोन में से करीब 68 प्रतिशत लोन महिलाओं को दिए गए हैं, जिससे महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला है। सरकार छोटे कारोबारियों को आसानी से लोन उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है, ताकि आत्मनिर्भर भारत और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिल सके।

वित्त मंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है जब वित्तीय क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा हो रही है। आंकड़ों के अनुसार, एमएसएमई सेक्टर का कुल एनपीए मार्च 2025 तक करीब 3.6 प्रतिशत रहा, जो मुद्रा योजना के आंकड़ों से कम है।

## धूमधाम से निकला नगर का 168 वर्ष पुराना ऐतिहासिक बारह भाई मेला

# रामजी की निकली सवारी,रामजी की लीला है न्यारी

### देर रात हुआ राम और भरत का मिलन,दर्जनों झाकियों को देखने उमड़े शहरवासी,

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** सोमवार की रात बाड़ी शहर में 168 वर्ष पुराने ऐतिहासिक बारह भाई मेले का आयोजन किया गया। शाम 07 बजे शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान से भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा और पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत और एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर झांकियो को रवाना किया। यह मेला जैसे-जैसे नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा, आमजन का सैलाब मेले में



उमड़ता चला गया। ऐतिहासिक बारह भाई मेला हर वर्ष चैत्र मास में आयोजित किया जाता है। ऐसे में मेला आयोजन को लेकर बारह भाई मेला कमेटी द्वारा करीब एक महीने तैयारियां की जा रही थी। जिसमे मेला कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग के साथ महामंत्री पबन चंसौरिया और अन्य पदाधिकारी दर्जनों युवा कार्यकर्ताओ के साथ जुटे हुए थे। शहर के आम और खास हर नागरिक के आर्थिक सहयोग से यह मेला निकाला गया। जिसको दिव्य और भव्य बनाने के लिए धौलपुर जिले के साथ एमपी,यूपी के कई जिलों से प्रसिद्ध बैंड बुलाए गए साथ में दर्जनों की संख्या में आये कलाकारों और इलेक्ट्रॉनिक झांकियो ने मेले में शिरकत कर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

बारह भाई के मेले में भगवान परशुराम,माँ सीता के साथ लव कुश,हनुमान की वानर सेना,,बांके बिहारी,धनलक्ष्मी,शिवजी के गण,सहित 28 झांकियां निकाली गई। इस दौरान पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मेला देर रात महाराणा प्रताप खेल मैदान पर जाकर संपन्न हुआ,जहां भगवान राम और भ्राता भरत का मिलन 'श्री युत राजा रामचंद्र की माहरो,अवधेश कुमार,बोल सियाराम चंद्र की जय' उद्घोष के साथ कराया गया। मेला शुभारम्भ के मोके पर अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग उर्फ पप्पू ने कहा की यह मेला सन 1859 से अनवरत आयोजित होता आ रहा है। जो बाड़ी सहित पूरे जिले का सबसे पुराना मेला है। सं 1857 की क्रांति के बाद लोगो को एकजुट करने के लिए नगर के बारह युवाओ ने भाई बनकर इसको शुरू किया था। ऐसे में यह मेला हमारे अतीत के इतिहास को बताता है। ऐसे में इस धरोहर को हमें संजोये रखना जरूरी है। यह मेला रजिस्टर्ड मेला है लेकिन इसको सरकार की कोई सहायता नहीं मिलती है। यह नगर वासियों के आर्थिक सहयोग से आयोजित होता है। मेला आयोजन के दौरान एसडीएम भगवत शरण त्यागी,तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा,नायब तहसीलदार उत्तम चंद बंसल,सीओ महेंद्र कुमार,अग्रवाल समाज के ऋषि मित्तल,एडवोकेट संघ के प्रशांत हुंडावाल, मुन्नालाल मंगल,राधेश्याम गर्ग सहित सभी अतिथियों का मेला कमेटी द्वारा स्वागत और सम्मान किया गया। मेला आयोजन के दौरान पुलिस के कई थानों का जाब्ता,आरएसी के जवान जगह-जगह तैनात रहे।

### मेले में भगवान राम करते है नगर भ्रमण

त्रेता युग में 14 वर्ष के वनवास और लंका विजय के बाद जब भगवान राम पुष्पक विमान से वापस अयोध्या लौटे तो उनका अयोध्या में स्वागत सत्कार हुआ। इसी थीम पर यह तीन दिवसीय मेला आयोजित होता है। जिसमें पहले दिन मेला बैठक के रूप में भगवान राम,माता जानकी और भ्राता लक्ष्मण के साथ अन्य देवी-देवताओ का स्वागत सत्कार कर अयोध्या आगमन पर आरती की जाती है। दूसरे दिन भगवान राम नगर भ्रमण पर निकलते हैं जिसमें उनके तीनों भाई माता जानकी के साथ शिव-पार्वती,भक्त हनुमान,विघ्नहर्ता गणेश,के साथ विभिन्न देवी देवताओं के स्वरूपों को झांकियों के रूप में निकाला जाता है। जिसको देखने और दर्शन करने के लिए शहरवासी आतुर दिखाई दिए। इस दौरान प्रेम के प्रति ढोला-मारू, लैला-मजनू से लेकर देश पर अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महाराणा प्रताप,वीर शिवाजी,तात्या टोपे, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और कई वीर सपूत घोड़ों और ऊंटों पर सवार होकर मेले में निकले।

---

## जैनाचार्य देवेंद्र महिला संस्थान ने मनाया होली स्नेहमिलन समारोह



### रंजना छाजेड़ अध्यक्ष एवं वनिता पामेचा मंत्री बनीं

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** जैनाचार्य देवेन्द्र महिला संस्थान ने देवेन्द्र धाम में कार्यक्रम होंली सेनपह मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें सवा सौ से अधिक महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। मंडल की बहनों ने होली डांस व होली पर गाने व हंसी से ओतप्रोत हाऊजी खेली।

मंडल की महामंत्री श्रीमती इंदिरा चोरड़िया ने कार्यकारिणी सदस्यो को उपरने पहना कर सभी को त्यौहार की बधाई दी। मण्डल की अध्यक्ष स्व.संध्या नाहर की स्मृति में जैन परिवारों की ओर राशन के किट व एक विद्यार्थी को छात्रवृत्ति देने की घोषणा की।

मंडल की मार्गदर्शिका व सरक्षिका श्रीमती लीला नाहर, ममता रांका, रेखा चोरड़िया व संगठन मंत्री श्रीमती रंजना चौहान व सभी पदाधिकारी के सामने पूर्व महापौर एवं देवेन्द्र धाम की कार्यकारी अध्यक्षा श्रीमती रजनी डांगी ने आने वाले 2 वर्षों की नई अध्यक्ष श्रीमती रंजना छाजेड़, मंत्री वनिता पामेचा व कोषाध्यक्ष आकांक्षा सेठ की घोषणा की। वर्तमान कोषाध्यक्ष वनिता पामेचा ने धन्यवाद पारित किया।

---

### अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के उपलक्ष्य में भीम में विशेष कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के तहत भीम क्षेत्र के भीलों का नाका में नाबार्ड के सहयोग से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं, विशेषकर महिला किसानों को सशक्त बनाना, वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना तथा स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और आजीविका के अवसरों से जोड़ना रहा।कार्यक्रम में नाबार्ड राजसमंद के डीडीएम आशीष जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान वित्तीय साक्षरता काउंसलर सुरेश उपाध्याय, अर्पण सेवा संस्थान के डायरेक्टर (प्रोग्राम्स) डॉ. चन्द्रशेखर मीणा, डिजिटल फाइनेंस विशेषज्ञ जमुना चौहान, अर्पण मगरा फार्मर एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड भीम की डायरेक्टर शशि कंवर तथा मगरा महिला समिति की अध्यक्ष सुकन्या देवी सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर आशीष जैन ने नाबार्ड द्वारा महिलाओं और महिला किसानों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाबार्ड स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण और आजीविका के अवसर उपलब्ध करा रहा है।

---

### पर्यटन जगत की दिग्गज हस्तियों का होगा जमावड़ा

# उदयपुर में 21 मार्च को सजेगा 'राजस्थान टूरिज्म सम्मान-2026' का मंच

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** राजस्थान में पर्यटन क्षेत्र के सतत विकास, नवाचार और रेस्पोंसिबल टूरिज्म को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) आगामी 21 मार्च 2026 को झीलों की नगरी उदयपुर में 'राजस्थान टूरिज्म सम्मान-2026' का भव्य आयोजन करने जा रहा है। इस गरिमामयी समारोह में पर्यटन उद्योग से जुड़ी देश-प्रदेश की प्रमुख हस्तियां, होटल व्यवसायी, ट्रैवल प्रोफेशनल्स, टूर ऑपरेटर्स, रेस्टोरेंट संचालक, हॉस्पिटैलिटी एक्सपर्ट्स और पर्यटन उद्यमी एक मंच पर एकत्रित होंगे।

यह आयोजन न केवल पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करेगा, बल्कि पर्यटन उद्योग से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के लिए आपसी संवाद, अनुभव साझा करने और नेटवर्किंग का भी एक महत्वपूर्ण अवसर बनेगा। आयोजन के माध्यम से पर्यटन उद्योग में नए



विचारों, नवाचार और बेहतर सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी।

35 से अधिक श्रेणियों में मिलेगा सम्मान-पीएचडीसीसीआई राजस्थान के उदयपुर संभाग संयोजक मुकेश माधवानी ने बताया कि इस वर्ष सम्मान समारोह का दायरा पहले से अधिक व्यापक किया गया है। इस बार 35 से अधिक विभिन्न श्रेणियों में पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस बार विशेष रूप से कलनरी आर्ट्स,



फूड एंड रेस्टोरेंट इंडस्ट्री से जुड़े पेशेवरों को भी सम्मान प्रक्रिया में शामिल किया गया है, ताकि पर्यटन उद्योग के इस महत्वपूर्ण हिस्से को भी उचित पहचान और प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र से जुड़े सभी उद्यमियों, संस्थाओं और प्रोफेशनल्स से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपनी प्रविष्टियां भेजकर इस प्रतिष्ठित सम्मान का हिस्सा बनें।

पर्यटन क्षेत्र में नवाचार को मिलेगा प्रोत्साहन-आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन व्यक्तियों और संस्थानों को पहचान देना है, जिन्होंने पर्यटन क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता, उत्कृष्ट सेवा और



जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस मंच के माध्यम से ऐसे प्रयासों को सामने लाकर अन्य उद्यमियों और संगठनों को भी प्रेरित किया जाएगा, ताकि राजस्थान का पर्यटन उद्योग और अधिक मजबूत और प्रतिस्पर्धी बन सके।

बीसीआई की रहेगी सक्रिय भागीदारी -समारोह के आयोजन में बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल (बीसीआई) की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बीसीआई टूरिज्म अध्यक्ष डॉ. श्रद्धा गट्टानी ने बताया कि 21 मार्च को होने वाले इस भव्य समारोह में इंटरनेशनल बिजनेस सर्किल हॉस्पिटैलिटी पार्टनर के रूप में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएगा और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन पर्यटन क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों को एक मंच पर लाने का काम करते हैं, जिससे उद्योग के विकास के लिए नई संभावनाएं और सहयोग के अवसर पैदा होते हैं।

विजेताओं का चयन करेगी उच्च स्तरीय जूरी-पीएचडीसीसीआई राजस्थान के रेजिडेंट डायरेक्टर आर. के. गुप्ता ने बताया कि पुरस्कारों के चयन के लिए एक उच्च स्तरीय जूरी का गठन किया गया है। इस जूरी की अध्यक्षता भारत सरकार के पूर्व पर्यटन सचिव और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. ललित के. पंवार करेंगे। उन्होंने कहा कि जूरी द्वारा प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन गुणवत्ता, नवाचार, सेवा स्तर और पर्यटन क्षेत्र में योगदान जैसे विभिन्न मानकों के आधार पर किया जाएगा, ताकि वास्तव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया जा सके।

---

### राजस्थान युवा शक्ति दिवस 2026 कार्यक्रम

## सीएम की अध्यक्षता में हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम



### राजाखेड़ा विधानसभा में खेल स्टेडियम का हुआ वर्चुअली लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान युवा शक्ति दिवस 2026 के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन दीप स्मृति ऑडिटोरियम मानसरोवर जयपुर में माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश भर के युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने युवा शक्ति को राज्य के विकास की आधारशिला बताते हुए उन्हें नवाचार, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया। जिसमें जिले के राजाखेड़ा में खेल स्टेडियम का वर्चुअली माध्यम से लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें रोजगार, शिक्षा एवं उद्यमिता के बेहतर अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग सकारात्मक दिशा में करते हुए राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें।

जिला स्तर पर नगर परिषद टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन को सुना और कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी गई। साथ ही युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और राज्य के समग्र विकास के लिए उनके योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी बलभद्र सिंह, भाजपा की नीरजा शर्मा, सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं नवनियुक्त युवा उपस्थित रहे।

---

### जिला स्तरीय सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता 19 मार्च से

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती भाणा स्थित हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान पर 19 से 20 मार्च तक दो दिवसीय जिला स्तरीय सब जूनियर बालक-बालिका हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिले की खेल प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में राजसमंद भर के विभिन्न विद्यालयों और खेल संस्थाओं के खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता सचिव जगदीश पालीवाल ने बताया कि आयोजन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मैदान पर उत्साह का माहौल है।

---

### सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने लोकसभा में नियम 377 के तहत उठाया महालक्ष्मी मिल, ब्यावर को पुनः प्रारम्भ करने का मुद्दा




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने लोकसभा में नियम 377 के अंतर्गत महत्वपूर्ण विषय उठाते हुए ब्यावर स्थित ऐतिहासिक महालक्ष्मी मिल को पुनः प्रारम्भ करने की मांग की। उन्होंने सदन के माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वर्ष 1925 में स्थापित यह मिल क्षेत्र के औद्योगिक विकास और रोजगार का प्रमुख आधार रही है।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि लगभग 100 वर्ष पुरानी इस मिल के नवीनीकरण का कार्य वर्ष 2008 में प्रारम्भ किया गया था, लेकिन आज तक यह मिल पुनः चालू नहीं हो पाई है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि ब्यावर जिला कपड़ा उद्योग के क्षेत्र में कानपुर, कोलकाता और अहमदाबाद की तरह महत्वपूर्ण स्थान रखने की क्षमता रखता है, और महालक्ष्मी मिल के पुनः शुरू होने से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा बल्कि पारंपरिक उद्योग को भी नया जीवन मिलेगा।

---

### एक दर्जन चोटिल, तीन घायल, एक ही हालत गंभीर

## कैलादेवी से लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप गाड़ी सड़क किनारे बिजली खंभे से टकराई

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर से गुजर रहे हाईवे 11बी बायपास पर एक ढाबे के पास सड़क हादसा हुआ है। दुर्घटना में एक पिकअप गाड़ी में सवार एक दर्जन लोग चोटिल हुए हैं। जिनमें से तीन की हालत गंभीर होने पर एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां से एक घायल की हालत का गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। सभी लोग आगरा जिले के एदमादौला थाना क्षेत्र के नगला देवजी गांव निवासी हैं। जो करौली कैलादेवी माता के दर्शन करने आए थे और वहां से वापस लौट रहे थे।

घटना में घायल हरिकेश पुत्र जगदीश कुशवाहा ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मंगलवार को सुबह पिकअप



गाड़ी नंबर यूपी 86 एटी 4284 से करौली कैलादेवी माता के दर्शन करने आए थे। दर्शन के बाद सभी ने खाना खाया और करौली से करीब 3 बजे रवाना हुए। साढ़े चार बजे के करीब जब वह बाड़ी से गुजर रहे थे तो पिकअप गाड़ी चालक को नींद की झपकी आ गई। जिससे उसका गाड़ी से नियंत्रण खो गया और गाड़ी सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा टकरा। गनीमत यह रही की बिजली के तार टूट कर गाड़ी पर नहीं गिरे,अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक तो मौके से गायब हो गया बाद में आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को बाड़ी अस्पताल भर्ती किया गया। दुर्घटना में 19 वर्षीय हरिकेश पुत्र जगदीश कुशवाहा के साथ 17 वर्षीय शिवम पुत्र जावेद कुशवाहा और कालू घायल हुआ है। कालू की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है।

हरिकेश ने बताया कि गाड़ी में 8-10 लोग सवार थे। जिनमें से अन्य को चोटें आई हैं जो मौके से चले गए हैं। घटना की सूचना पर कोतवाली थाने के एएसआई अरविंद कुंतल के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा है। जिसके द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

---

## घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर कार्रवाई, 7 सिलेंडर जब्त



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर।** मध्य पूर्व में जारी संकट के कारण एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला में संभावित व्यवधान को देखते हुए जिले में गैस सिलेंडरों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा अवैध संग्रहण और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर गठित विशेष प्रवर्तन जांच दल ने रविवार को राजाखेड़ा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो प्रतिष्ठानों से कुल 7 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जांच के दौरान दयाराम कुशवाह द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में रिफिलिंग की जा रही थी, जिस पर तीन सिलेंडर तथा रिफिलिंग के उपकरण जब्त किए गए। वहीं बाके बिहारी मिष्ठान भंडार से चार सिलेंडर जब्त किए गए।

जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि जिले की गैस एजेंसियों द्वारा सोमवार को उपभोक्ताओं को लगभग 4300 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है और एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से गैस की बुकिंग न कराएं। आवश्यकता होने पर ही बुकिंग करें तथा निर्धारित समय पर होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर प्राप्त करें।

---

## सिरोही में पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौड़ ने संभाला पद

# जयपुर से जोड़े की जुदाई, एक को जोधपुर व दूसरे को देवनगरी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जितेश रावल )।** पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद सिरोही जिले को नए पुलिस अधीक्षक मिले हैं। यहां पुष्पेंद्रसिंह राठौड़ को नियुक्ति मिली हैं। वे जयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस अधीक्षक द्वितीय के पद पर तैनात थे। यहां यह खास है कि उनकी पत्नी कमल शेखावत भी आईपीएस हैं तथा वे दोनों ही जयपुर में तैनात थे। अब जयपुर से इस जोड़ी को जुदा करते हुए अलग-अलग जिलों में भेजा गया



है। इन्हें देवनगरी सिरोही व कमल शेखावत को जोधपुर कमिश्नरेट में (डीसीपी वेस्ट) तैनात किया गया है।

**प्रेरणादायक व ऐतिहासिक कॅरियर ग्राफ:** इनका कॅरियर ग्राफ न केवल प्रेरणादायक है वरन् ऐतिहासिक भी है। ज्ञातव्य है कि पुष्पेंद्रसिंह राठौड़ व उनकी पत्नी कमल शेखावत वर्ष-1998 बैच के आरपीएस अधिकारी है। वहीं, पदोन्नति भी एक ही साथ मिली। वर्ष-2025 में गृह मंत्रालय ने इन्हें एक साथ आरपीएस से आईपीएस कैडर में पदोन्नत किया था। राजस्थान पुलिस के इतिहास में यह पहला अवसर रहा, जब किसी दंपत्ति को एक साथ यह गौरव मिला। वहीं, इन दोनों ने 21 अगस्त 2025 को दिल्ली में एक साथ इंटरव्यू दिया और 2024 की रिक्तियों के विरुद्ध इनका चयन हुआ।

**बेस्ट पुलिसिंग का उदाहरण है दम्पति:** बताया जा रहा है कि दोनों ही पुलिस अधिकारी अपने मृदुभाषी स्वभाव और सामाजिक सक्रियता के लिए भी जाने जाते हैं। विभाग में भले ही इनकी छवि सख्त अधिकारी के रूप में देखी जाती रही है, लेकिन बेस्ट पुलिसिंग के लिए भी जाने जाते हैं। महकमे में इन्हें अनुशासित व ईमानदार पुलिस अधिकारी के रूप में पहचाना जाता है।

### संगठित अपराध पर करेंगे सख्त कार्रवाई

वहीं, जयपुर से स्थानांतरित होकर आए पुष्पेंद्रसिंह राठौड़ ने यहां पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण कर विभाग में विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। पत्रकारों से रूबरू होकर बताया कि संगठित अपराध व नशे के सौदागरों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गुजरात का सीमावर्ती जिला होने से शराब तस्करी का भी रूट भी है, जिस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 18 मार्च को गढ़ गणेश मंदिर से निकलेगी भव्य कलश यात्रा

# श्रीराम कथा रस माधुरी के आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता की गई आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत )।** नया बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आज श्रीराम कथा रस माधुरी के आयोजन के संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कथा आयोजन परिवार के यज्ञदत्त सर्राफ ने पधारे हुए मीडिया कर्मियों का तिलक एवं परिचय पत्र पहना कर स्वागत किया।

श्रीराम कथा के कथा व्यास महेश चंद्र शर्मा हवेलीवाला ने दिनांक 19 मार्च से 26 मार्च तक होने वाली कथा के विभिन्न वृतांतों एवं प्रसंगों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रथम दिवस को माता सती एवं शंकर पार्वती विवाह कथा, द्वितीय दिवस को नारद मोह, रावण जन्म एवं पृथ्वी की पुकार की कथा, तृतीय दिवस को राम जन्म, तड़का सुबाहु वध, जनकपुर प्रस्थान और धनुष यज्ञ के प्रसंग का वर्णन किया जाएगा। चतुर्थ दिवस को राम बरात आगमन, राम विवाह कंवर कलेवा और बारात विदाई का प्रसंग विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। इसी प्रकार पंचम दिवस को राम वनवास, केवट प्रसंग, निषाद राज सेवा, भारद्वाज-वाल्मीकि आश्रम सेवा, चित्रकूट विश्राम एवं दशरथ मरण के कथा प्रसंग प्रस्तुत होंगे। षष्ठम दिवस को भरत जी का चित्रकूट प्रस्थान एवं अयोध्या वापसी, अत्री मिलन, जयंत की कुटिलता, सुतीक्षण प्रसंग, सूर्पनखा प्रसंग एवं सीता हरण एवं सप्तम दिवस को राम-हनुमान मिलन, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, रामेश्वर स्थापना, लंका पर चढ़ाई तथा लक्ष्मण शक्ति का वर्णन किया जाएगा। अंतिम दिवस को कुंभकरण, मेघनाथ एवं रावण वध, रामचरितमानस का महात्म्य एवं भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा प्रस्तुत की जाएगी। आपने बताया कि कथा आयोजन की इस परंपरा में नि:शुल्क रूप से यह उनकी 14वीं कथा होगी। इसके लिए वह किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लेते हैं। उनका यह संकल्प आगे भी बना रहे, ऐसी भगवान से प्रार्थना है।

कथा आयोजन में सक्रियता से भाग ले रहे शिक्षाविद एवं श्री परशुराम सेवा समिति के हजारी लाल शर्मा ने बताया कि कथा प्रारंभ होने से पूर्व कल 18 मार्च को प्रथम पूज्य गढ़ गणेश जी के मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा जो प्रात: 8:00 बजे मंदिर से प्रस्थान कर कथा स्थल तक पहुंचेगी। इस आयोजन के लिए संपूर्ण तैयारियां अंतिम दौर में है। उन्होंने आशा प्रकट की कि यह यात्रा अनेक मायनों से चौमू नगर के लिए ऐतिहासिक सिद्ध होगी।

सेवा भारती समिति की पिंकी जिंदल ने बताया कि कलश यात्रा को लेकर नगर की महिलाओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। समस्त मातृ शक्ति धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत होकर अनुशासित तरीके से कलश यात्रा में कथा में भाग लेने के लिए तत्पर है।

बाबा अमरनाथ कावड़ यात्रा संघ के एडवोकेट गौरव सैनी ने कलश यात्रा की मार्ग व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण के संबंध में जानकारी दी तथा मृत्युंजय आत्रेय ने यात्रा एवं कथा के दौरान स्काउट व्यवस्था तथा भगवान राम के चित्रों के वितरण के संबंध में जानकारी प्रदान की।

भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष एवं श्रीराम कथा प्रेमी हनुमान सिंह नाथावत ने बताया कि इस कथा में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए हुए संघर्ष में चौमू क्षेत्र से सम्मिलित हुए कार सेवकों का सम्मान भी किया जाएगा। यह संपूर्ण कथा माधुरी का एक विशिष्ट आयोजन होगा। इस हेतु समस्त कार सेवकों एवं दिवंगत कार सेवकों के परिजनों से संपर्क किया जा चुका है। उन्होंने आशा प्रकट की कि दिनांक 26 मार्च को समस्त कार सेवक एवं उनके परिजन कथा में पधार कर सम्मान ग्रहण करेंगे।

कथा आयोजन परिवार से यज्ञ दत्त सर्राफ ने बताया कि कथा में प्रत्येक दिवस संत सान्निध्य प्राप्त होगा। इस क्रम में वीर हनुमान धाम से श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य अवध बिहारी देवाचार्य महाराज, बड़ी डूंगरी थानापति हीरापुरी महाराज, हाथोज धाम के महामंडलेश्वर बालमुकुंद आचार्य महाराज, संतोषी माता चौमू से महामंडलेश्वर बालक दास महाराज, अंजनी धाम महामंडलेश्वर हरि कृष्ण दास महाराज ग्वालिया बाबा, पलसाना धाम से निंबार्क रत्न मनोहरशरण दास महाराज, परशुरामपुरी मठ उदयपुरिया से नरसिंहपुरी महाराज, खोरा श्यामदास से गिरधारी दास महाराज पाल वाले बाबा, खेड़ापति बालाजी धाम सामोद से महंत विजय रामदास महाराज, गोल्यावाला धाम मोरीजा से महंत सागरपुरी महारा रुडजी की बगीची चौमू से मनोहर दास जी महाराज आदि प्रमुख संतो एवं धर्माचार्यों का आशीर्वाद प्राप्त होने का अवसर मिलेगा।

## कांस्टेबल कमलेश कुमार ने दिया ईमानदारी का परिचय

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जालूपुरा थाना इलाके में 16 मार्च को समय रात्रि गश्त के दौरान पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जयपुर से छोटू नामक व्यक्ति निवासी मुरैना (मध्य प्रदेश) का पर्स जिसमें 50-60 हजार रुपये थे, जो वनस्थली मार्ग पर गुम हो जाने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस थाना जालूपुरा के कांस्टेबल कमलेश कुमार मय चालक के वनस्थली मार्ग पहुँचकर, सम्बन्धित व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह सिंधी कैम्प से प्राइवेट बस में बैठने के लिये वनस्थली मार्ग आ रहे थे। इस दौरान उसकी पत्नी का पर्स मय नगद रुपये के गुम हो गया। इस पर कांस्टेबल कमलेश कुमार द्वारा सघन चैकिंग की जाकर सम्बन्धित बस में यात्रा करने वाले व्यक्तियों से पूछताछ करते हुए संभावित वनस्थली मार्ग पर पर्स को तलाश किया गया तो गुमशुदा पर्स खाटू श्याम मंदिर के पास रोड किनारे पर पडा मिला। जिसे उक्त दम्पति व्यक्तियो से राशि की पहचान करवाकर पर्स यात्री दम्पति के होना पाया जाने पर पुलिस थाना जालूपुरा लाकर सम्बधित को सुपुर्द किया गया।

पुलिस उपयुक्त उत्तर करण शर्मा ने बताया कि कांस्टेबल कमलेश कुमार द्वारा ईमानदारी पूर्ण कार्य करने पर आमजन में पुलिस विभाग की छवि उज्वल हुई है। इस पर कांस्टेबल के उज्जवल भविष्य की कामना व ईमानदारी पूर्ण कार्य करने फलस्वरूप 11 हजार हजार रुपये नकद पुरस्कार मय प्रशंसा पत्र प्रदान किया।

# अवैध गैस एजेंसी पर रसद विभाग की बड़ी कार्रवाई, 201 कमर्शियल सिलेंडर जब्त

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिले में अवैध रूप से गैस भंडारण और वितरण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को रसद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 201 कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त किए। यह कार्रवाई जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा के नेतृत्व में कोटपूतली क्षेत्र के श्यामनगर स्थित झमिला वाली ढाणी में की गई।

जानकारी के अनुसार, रसद विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि एक मकान से बिना लाइसेंस गैस एजेंसी का संचालन किया जा रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो वहां बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर रखे मिले। कार्रवाई के दौरान 106 भरे हुए और 95 खाली कमर्शियल सिलेंडर बरामद कर जब्त किए गए।



जांच में सामने आया कि 'गुंजन गैस एजेंसी' नाम से संचालित यह एजेंसी कथित रूप से गैस पॉइंट पेट्रोलियम लिमिटेड कंपनी से जुड़ी बताई जा रही थी, लेकिन संचालक के पास एजेंसी संचालन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज और रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं थे।

कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद एजेंसी के प्रोपराइटर मदन सैनी ने बताया कि एजेंसी का कोई अधिकृत गोदाम नहीं है और गैस सिलेंडरों का भंडारण घर से ही किया जा रहा था।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान सुरक्षा मानकों की भी गंभीर अनदेखी सामने आई। बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर खुले में रखे हुए पाए गए, जो किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकते थे। इसके अलावा संचालक के पास लेटर ऑफ इंडेंट तथा पीईएसओ का लाइसेंस भी नहीं मिला, जो गैस भंडारण और वितरण के लिए अनिवार्य होता है। इस कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन अधिकारी पुष्पेंद्र चौधरी और प्रवर्तन निरीक्षक विश्राम गुर्जर भी टीम के साथ मौजूद रहे। विभाग ने जब्त किए गए सिलेंडरों के संबंध में आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण जिला कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत करने की बात कही है।

### घरेलू गैस को लेकर घबराने की जरूरत नहीं

जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग के 2 से 3 दिन के भीतर सिलेंडर की डिलीवरी दी जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की परेशानी या अवैध गतिविधि की जानकारी मिलने पर 112, 14435 या 181 हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है, जिस पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## नगर परिषद की सख्ती
## बकाया नगरीय विकास कर पर तीन प्रतिष्ठान सीज



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** नगर परिषद कोटपूतली प्रशासन ने नगरीय विकास कर (यूडी टैक्स) की वसूली को लेकर मंगलवार को सख्त कार्रवाई करते हुए शहर के तीन प्रतिष्ठानों को सीज कर दिया। यह कार्रवाई लंबे समय से बकाया कर जमा नहीं कराने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ की गई।

नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे विशेष वसूली अभियान के तहत डाबला रोड स्थित जिंदल फर्नीचर, जीण माता मंदिर रोड स्थित सैनी ट्रैक फैक्ट्री तथा एनएच-48 स्थित अर्चना वर्कशॉप को सीज करने की कार्रवाई की गई। प्रशासन की ओर से बताया गया कि संबंधित प्रतिष्ठानों को पूर्व में कई बार नगरीय विकास कर जमा कराने के नोटिस दिए गए थे, लेकिन कर जमा नहीं कराने पर मजबूरन सीज की कार्रवाई करनी पड़ी।

यह कार्रवाई राजस्व अधिकारी कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में की गई, जिसमें कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार गुर्जर सहित नगर परिषद कार्यालय के अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

नगर परिषद प्रशासन ने शहर के अन्य बकायादारों को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे जल्द से जल्द अपना बकाया नगरीय विकास कर जमा कराएं, अन्यथा उनके खिलाफ भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पावटा सिविल न्यायालय निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप
### अभिभाषक संघ ने जिला जज को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा।** सिविल न्यायालय परिसर के निर्माण कार्य में अनियमितताओं और घटिया सामग्री के उपयोग को लेकर अभिभाषक संघ पावटा ने कड़ा विरोध जताया है। संघ अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव के नेतृत्व में मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवि शर्मा को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञापन में आरोप है कि न्यायालय परिसर की चारदीवारी निर्माण में मानक सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। बजरी के स्थान पर पत्थर का बुरादा और स्क्रेप जैसी मिट्टीनुमा सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसमें सीमेन्ट की मात्रा भी बेहद कम बताई गई है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

अभिभाषक संघ ने बताया कि जनवरी माह से शुरू हुआ निर्माण कार्य अब तक अधूरा पड़ा है। चारदीवारी की नींव खुदाई भी पूरी नहीं हुई है और मौके पर बेहद कम संख्या में कारीगर व मजदूर कार्यरत हैं। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा पर्याप्त संसाधन नहीं लगाए जा रहे हैं, जिसके चलते निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है।



संघ ने सहायक अभियन्ता (पीडब्ल्यूडी) विराटनगर पर भी लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मौके पर नियमित निरीक्षण नहीं किया जा रहा है, जिससे ठेकेदार को मनमानी करने का अवसर मिल रहा है। ज्ञापन में ठेकेदार नरेन्द्र यादव एवं सहायक अभियन्ता विवेक की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए हैं।

अभिभाषक संघ ने मांग की है कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा पर्याप्त संख्या में कारीगर और मजदूर लगाकर कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए। साथ ही न्यायालय भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम को भी जल्द से जल्द आयोजित करने की मांग की गई है, ताकि निर्माण कार्य समय पर शुरू हो सके।

संघ ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे आगे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल में बनवारी लाल विजय का आभार व्यक्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल के दूसरे दिन सायंकालीन कार्यक्रम में फेस्टिवल के को-फाउंडर श्री आर.के. व्यास द्वारा अपने कार्यकर्ताओं के समूह के साथ फोटो सेशन किया गया। इस अवसर पर बनवारी लाल विजय को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में विजय जी ने दोनों दिन अपना कीमती समय दिया, जिसके लिए आयोजकों द्वारा उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विश्वकर्मा थाना इलाके में स्कॉर्पियो की चपेट में आने से एक ड्राइवर की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह सड़क पार कर रहा था। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। एक्सीडेंट थाना (पश्चिम) के हेड कांस्टेबल महावीर ने बताया कि मृतक की पहचान करौली के हिण्डौन सिटी निवासी मनोज कुमार अग्रवाल (51) के रूप में हुई है। वह मुरलीपुरा रोड नंबर-2 पर किराए से रहकर नमकीन सप्लाई का टैम्पो चलाता था। पुलिस के अनुसार सोमवार देर शाम मनोज कुमार दक्षिणी मुखी हनुमान मंदिर के सामने बीआरटीएस कॉरिडोर के पास पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल मनोज को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान देर रात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### गौतम जयन्ती 19 को
## प्रभात फेरी और कलश यात्रा की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** न्याय शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम की जयन्ती 19 मार्च को चैत्र प्रतिपदा के दिन हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। जयन्ती की तैयारियों को लेकर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज श्री महर्षि गौतम जागृति संस्था के नेतृत्व में तैयारियों में जुट गया है।

संस्था के प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष संतोष गौतम के अनुसार 19 मार्च को शहर में भव्य प्रभात फेरी और कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में एक ही परिधान में कम से कम सौ महिलाएं कलश लेकर चलेंगी। प्रभात फेरी में बैंड बाजा और लवाजमा होगा। बग्गी में महर्षि गौतम की झांकी सबसे पीछे चलेगी। समाजबंधु भी एक ही रंग के साफे में नजर आएंगे।

प्रभातफेरी सुबह आठ बजे गणगौरी बाजार स्थित लंगर के बालाजी के रास्ता से रवाना होकर गणगौरी बाजार, बारह भाइयों का चौराहा होते हुए हजारी बुर्ज नाहरी का नाका स्थित गौतम आश्रम पहुंचेगी। प्रभारी फेरी और कलश यात्रा का पूरे रास्ते में समाजबंधु भव्य स्वागत करेंगे और आरती उतारेंगे। गौतम आश्रम पर अन्तिम आरती होगी।

### प्रागपुरा में 19 मार्च को भव्य किसान सम्मेलन
## 1 करोड़ लागत से बने सहकार सुपर मार्ट का होगा उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा।** कस्बे में पुलिस थाना स्थित ग्राम सेवा सहकारी समिति के तत्वावधान में आगामी 19 मार्च को भव्य किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर करीब एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सहकार सुपर मार्ट एवं नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण भी किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री 1008 श्री मंगलदास जी महाराज के सान्निध्य में होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलदास महाराज द्वारा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पोस्टर का विमोचन किया गया। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ करेंगे। इसके अलावा जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, नाबार्ड राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. रवि बाबू, इफको के राज्य विपणन प्रबंधक पृथ्वीराज सिंह, कृभको के राज्य


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति (फल एवं सब्जी) जयपुर**

महात्मा ज्योतिबा फूले मुख्य मण्डी प्रांगण, ई-मेल kums.jaipurfv@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 4742 - 58 | दिनांक :- 12/03/2026

**ई-निविदा सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति (फल सब्जी) जयपुर द्वारा मुख्य मण्डी प्रांगण टर्मिनल मार्केट मुहाना में इन्क्यूबेशन सेन्टर स्थापित किये जाने हेतु निविदा अनुसार प्रयोगशाला (Food Testing Labouratory) उपकरण क्रय किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा संख्या 33/2025-26 आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व शर्ते sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in, https://agriculture.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है व eproc.rajasthan.gov.in पर निविदा संख्या 33/2025-26 हेतु दिनांक 13.03.2026 से दिनांक 24.03.2026 सांय 6:00 बजे तक निविदा दरे प्रस्तुत कर भाग लिया जा सकता है।

UBN No.- DAM2526GLOB01462

सचिव
कृ.उ.म.स. (फ.स.) जयपुर

राज.संवाद/सी/25/22679


# राजस्थान हाईकोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

## एक घंटे थमी सुनवाई, वकीलों में भारी आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की मुख्य पीठ को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला है। अब तक करीब एक दर्जन बार इस तरह की धमकियां मिल चुकी हैं, जिससे न्यायिक कार्यों में बार-बार व्यवधान आ रहा है। ताजा धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने हाईकोर्ट परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसके चलते करीब एक घंटे तक मुकदमों की सुनवाई स्थगित रही। सर्च तलाशी के बाद परिसर को खोल दिया गया।

हाईकोर्ट प्रशासन की आधिकारिक आईडी पर ई-मेल मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया गया। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने मुख्य बिल्डिंग के चप्पे-चप्पे की जांच की। एहतियात के तौर पर कर्मचारियों और अन्य लोगों को परिसर से बाहर निकाला गया।हाईकोर्ट चौकी प्रभारी सुमेर सिंह ने बताया कि पूरी जांच के बाद कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। वहीं बार-बार मिल रही धमकियों और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से वकीलों में खासा रोष है। राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर बार के अध्यक्ष राजीव कुमार सोगरवाल ने बताया कि इस तरह की धमकियों का मिलना गलत है। हमारी कमिश्नर और डीजीपी से यही मांग है कि जल्द से जल्द इन मामलों में कार्रवाई की जाए। इन धमकियों के पीछे कोई बाहरी ताकते हैं या देसी ताकते हैं या कोई शरारती तत्व ऐसा कर रहा है। इसकी जांच जरूरी है। इससे कोर्ट की कार्रवाई भी बाधित हो रही है। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने कहा कि यदि कोई धमकी हकीकत में बदल गई तो भारी जान-माल का नुकसान हो सकता है। हाल ही में एक कार्यशाला में सीजेआई सूर्यकांत की मौजूदगी में जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने भी इस पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि हाईकोर्ट में बम की धमकियां अब स्कूल की घंटी की तरह सामान्य होने लगी हैं, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहा है।


**कार्यालय नगर परिषद् कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड)**

क्रमांकः न.पा.कोट/भूमी/2026/343 | दिनांकः 17/03/26

**: आपत्ति आमंत्रण सूचना :**

सर्वसारधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न प्रकरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकता के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद किसी की आपत्ति स्वीकृत यनहीं की जावेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कोयल देवी पत्नी श्री राधेश्याम | निवासी-मोहल्ला बड़ाबास कोटपूतली के खसरा 899,898 रकबा 367.35 वर्गगज आवासीय प्रयोजनार्थ। | नाम हस्तानान्तरण |

आयुक्त
नगर परिषद कोटपूतली

## सम्पादकीय

# एलपीजी का विकल्प बने बायोगैस

परिणामस्वरूप ऊर्जा उत्पादन का माडल धीरे-धीरे बड़े केंद्रीकृत संयंत्रों से हटकर अधिक स्थानीय प्रणालियों की ओर बढ़ सकता है। वर्तमान में भारत में जैविक कचरे का बड़ा हिस्सा बेकार चला जाता है।

दुनिया के कई हिस्सों में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव अब ऊर्जा बाजारों पर भी असर डाल रहा है। एलपीजी की आपूर्ति को लेकर हो रही चर्चाओं ने फिर यह सवाल खड़ा किया है कि क्या देश को ईंधन के मोर्चे पर कुछ और घरेलू स्त्रोतों को मजबूत करना चाहिए? दरअसल भारत के पास पहले से ही एक ऐसा संसाधन है जिसे अक्सर केवल कचरा समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। यही संसाधन भविष्य में गैस आपूर्ति का एक घरेलू आधार बन सकता है। यह संसाधन है जैविक कचरा, जो खेतों से लेकर शहरों की रसोइयों तक हर जगह मौजूद है। हर साल भारत में बड़ी मात्रा में जैविक कचरा उत्पन्न होता है। इसमें खेतों से निकलने वाला फसल अवशेष, पशुओं का गोबर, शहरों का गीला कचरा और बाजारों से निकलने वाला खाद्य कचरा शामिल है।



इन सबका उपयोग बायोगैस और कंप्रेस्ड बायोगैस बनाने के लिए किया जा सकता है। इस गैस का उपयोग खाना पकाने, बिजली बनाने या वाहनों को चलाने में किया जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टूवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन (एसएटीएटी) योजना शुरू की थी। इसका लक्ष्य देश में कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करना और जैविक कचरे को ईंधन में बदलना है। पिछले कुछ वर्षों में देश में ऐसे कई संयंत्र स्थापित किए गए हैं और उनसे गैस का उत्पादन भी शुरू हो चुका है। यदि इस व्यवस्था को विस्तार दिया जाए, तो इसका प्रभाव केवल शहरों की रसोइयों तक सीमित नहीं रहेगा। यह कृषि, शहरी प्रबंधन, उद्योग और परिवहन सहित कई क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। भारत के खेतों से हर साल लाखों टन फसल अवशेष और पशुओं का गोबर निकलता है। इन सामग्रियों को संसाधित करने के लिए बड़े बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा सकते हैं। यदि ऐसे संयंत्र गांवों और सहकारी समितियों के माध्यम से विकसित किए जाएं, तो हर साल पर्याप्त मात्रा में गैस का उत्पादन किया जा सकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त आय का स्त्रोत भी बन सकता है। गोबर और कृषि अवशेष से गैस बनाने के कुछ प्रयोग पंजाब और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में पहले ही शुरू हो चुके हैं। किसान अपने पशुओं का गोबर या खेत का अवशेष गैस संयंत्रों तक पहुंचाते हैं और बदले में उन्हें भुगतान मिलता है। संयंत्र में बनने वाली गैस का उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है, जबकि अवशेष जैविक खाद के रूप में फिर खेतों में लौट जाता है। इससे एक चक्र बनता है-कचरा खेत से निकलता है और खाद बनकर फिर खेत में लौटता है।

ऐसी संभावना शहरों में भी मौजूद है। भारतीय शहरों से सालाना छह करोड़ टन ठोस कचरा निकलता है, जिसमें आधे से अधिक जैविक होता है। यदि इस कचरे को अलग करके बायोगैस संयंत्रों तक पहुंचाया जाए तो काफी मात्रा में गैस तैयार की जा सकती है। इंदौर ने बेहतर कचरा प्रबंधन के साथ बायोगैस परियोजनाओं पर काम किया है, जहां गीले कचरे से ऊर्जा बनाने की पहल हुई है। जमशेदपुर में भी खाद्य कचरे को बायोगैस में बदलने के प्रयोग किए गए हैं। यदि नगर निकाय बाजारों, होटलों और घरों से गीला कचरा व्यवस्थित तरीके से इकट्ठा कर उसे बायोगैस संयंत्रों तक भेजें, तो शहरों को दो लाभ मिल सकते हैं। एक तरफ कचरे की मात्रा कम होगी और दूसरी तरफ गैस का एक स्थानीय स्त्रोत तैयार होगा।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 18 मार्च की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- 2000- उगांडा में प्रलय दिवस सम्प्रदाय के 230 सदस्यों ने आत्मदाह किया।
- 2006- संयुक्त राष्ट्र ने 'मानवाधिकार परिषद' के गठन का प्रस्ताव मंजूर किया।
- 2007- उत्तर कोरिया ने परमाणु कार्यक्रम बन्द करने का कार्य प्रारम्भ किया। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच बॉब वूल्मर का निधन।
- 2008- टाटा समूह के अध्यक्ष रतन टाटा को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर में 'डॉक्टर ऑफ़ साइंस' की मानद उपाधि से सम्मानित किया। भारती इंटरप्राइजेज के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील भारती मित्तल अमेरिका के विशिष्ट उद्यमी अकादमी में शामिल होने वाले प्रथम भारतीय बने।
- पाकिस्तान की सरकार ने विवादित इर्ब इंटेलिजेंस ब्यूरो के प्रमुख एजान शाह को बर्ख़ास्त किया।
- 2009- केन्द्रीय मंत्री मण्डल ने मेघालय में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफ़ारिश की।
- 2013- 60वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्?कारों की घोषणा। 'पान सिंह तोमर' को 60वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार समारोह में वर्ष 2012 का सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म चुना गया।
- 2017- योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के 21वें मुख्यमन्त्री बने।

### 18 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 2000 - माना पटेल - ओलंपिक में क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला तैराक हैं।
- 1914 - गुरबख्श सिंह ढिल्लों - आज़ाद हिन्द फ़ौज के अधिकारी थे।
- 1914 - नागेन्द्र सिंह - भारत के भूतपूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त थे।
- 1926 - अक्किथम अछूथन नंबूथिरी - मलयालम भाषा के कवि थे।
- 1938 - शशि कपूर - हिन्दी सिनेमा जगत के प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक थे।
- 1953 - डी. वी. सदानंद गौड़ा - भारतीय राजनीतिज्ञों में से एक हैं।
- 1955 - रावसाहेब दानवे - भारतीय जनता पार्टी से संबद्ध राजनेता हैं।
- 1965 - अजेय, लेखक।

### 18 मार्च को हुए निधन


- 2000 - राजकुमारी दुबे - हिन्दी सिनेमा की जानीमानी गायिका थीं।
- 1956 - नारायण शास्त्री मराठे - प्रसिद्ध मराठी विद्वान।

### 18 मार्च के महत्त्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

- आयुध निर्माण दिवस

## विशेष आलेख

# राजस्थान दिवस, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं उच्च शिक्षण संस्थान



प्रो सुरेश कुमार अग्रवाल
कुलगुरु, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

**यह दिवस उस गौरवपूर्ण परंपरा का प्रतीक है जिसमें वीरता, संस्कृति, लोकज्ञान और आत्मगौरव का अद्भुत संगम दिखाई देता है। आज जब भारत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत कर रहा है, तब राजस्थान दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है।**

राजस्थान दिवस केवल एक राज्य के गठन का स्मरण नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक यात्रा का उत्सव है जिसने विविध रियासतों को एक सूत्र में बाँधकर आधुनिक राजस्थान का निर्माण किया। यह दिवस उस गौरवपूर्ण परंपरा का प्रतीक है जिसमें वीरता, संस्कृति, लोकज्ञान और आत्मगौरव का अद्भुत संगम दिखाई देता है। आज जब भारत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत कर रहा है, तब राजस्थान दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह अवसर हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि किस प्रकार राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दूरदर्शी दृष्टि मिलकर भविष्य के भारत के लिए एक सशक्त ज्ञान-परंपरा का निर्माण कर सकती है।

राजस्थान की धरती सदियों से ज्ञान और संस्कार की भूमि रही है। यहाँ के लोकजीवन में शिक्षा केवल विद्यालयों की चारदीवारी तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह लोकगीतों, लोककथाओं, परंपराओं और जीवन-मूल्यों के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी प्रवाहित होती रही है। मरुभूमि की कठोर परिस्थितियों में भी यहाँ के समाज ने जल-संरक्षण, सामुदायिक जीवन और पर्यावरण-संतुलन की ऐसी परंपराएँ विकसित कीं जो आज भी आधुनिक समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इसी प्रकार के जीवन-आधारित ज्ञान को शिक्षा के केंद्र में लाने का आह्वान करती है। इस दृष्टि से राजस्थान दिवस और नई शिक्षा नीति का संबंध अत्यंत गहरा और सार्थक है।

राजस्थान दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि यह प्रदेश केवल वीरता की गाथाओं के लिए ही प्रसिद्ध नहीं है, बल्कि यह संतों, कवियों और ज्ञानियों की भूमि भी रहा है। मीराबाई की भक्ति, दादूदयाल की समरसता की वाणी और लोकदेवताओं की जन-जागरण की परंपरा इस प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना को अभिव्यक्त करती है। इन परंपराओं में जीवन के उच्चतम मूल्यों की शिक्षा निहित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी इसी बात पर बल देती है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी प्रदान करना नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर नैतिकता, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है।

आज का भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ उसे अपनी प्राचीन ज्ञान-परंपरा को आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ जोड़कर आगे बढ़ना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इसी समन्वय का दस्तावेज है। यह नीति स्पष्ट रूप से स्वीकार करती है कि भारत का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा जब उसकी शिक्षा व्यवस्था अपने सांस्कृतिक मूल्यों और ज्ञान परंपराओं से जुड़ी होगी। राजस्थान जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य के लिए यह नीति एक स्वर्णिम अवसर लेकर आई है, क्योंकि यहाँ की लोक-परंपराएँ और जीवन-ज्ञान स्वयं में एक जीवंत विश्वविद्यालय की तरह हैं।

राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियाँ हमें यह सिखाती हैं कि सीमित संसाधनों में भी समृद्ध जीवन संभव है। यहाँ के लोगों ने जल की प्रत्येक बूंद का सम्मान करना सीखा है और सामुदायिक सहयोग से जल-संरक्षण की अद्भुत प्रणालियाँ विकसित की हैं। बावड़ियाँ, तालाब और जोहड़ केवल जल-स्त्रोत नहीं हैं, बल्कि वे सामूहिक बुद्धिमत्ता और सामाजिक सहभागिता के प्रतीक हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इस प्रकार के पारंपरिक ज्ञान को शिक्षा के साथ जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करती है, ताकि नई पीढ़ी अपने समाज के अनुभवों से भी सीख सके।

राजस्थान दिवस के अवसर पर यह विचार अत्यंत प्रेरक है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा को समग्रता के साथ देखने का आग्रह करती है। यह नीति विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनके भावनात्मक, नैतिक और शारीरिक विकास को भी समान महत्व देती है। यह दृष्टि भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा की याद दिलाती है, जहाँ शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्या प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और सार्थक बनाना था।

राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत इस समग्र दृष्टि का सजीव उदाहरण है। यहाँ के लोकनृत्य, लोकसंगीत, हस्तशिल्प और स्थापत्य कला केवल मनोरंजन या सौंदर्य का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे जीवन की गहरी समझ और सामूहिक रचनात्मकता का प्रतीक हैं। नई शिक्षा नीति इन कलाओं और परंपराओं को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाने का प्रयास करती है। इससे न केवल विद्यार्थियों में सृजनशीलता का विकास होगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर भी सुरक्षित रहेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक महत्वपूर्ण पहलू है मातृभाषा और स्थानीय भाषाओं का महत्व। यह नीति मानती है कि शिक्षा तभी प्रभावी होती है जब वह उस भाषा में दी जाए जिसमें विद्यार्थी सहजता से सोच और समझ सकते हैं। राजस्थान में मारवाड़ी, मेवाड़ी, शेखावटी, हाड़ौती और ढूंढाड़ी जैसी समृद्ध भाषाएँ हैं जो लोकजीवन की आत्मा हैं। यदि शिक्षा इन भाषाओं के माध्यम से प्रारंभिक स्तर पर प्रदान की जाए, तो ज्ञान का प्रसार अधिक स्वाभाविक और प्रभावी होगा।

राजस्थान दिवस हमें यह भी प्रेरणा देता है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक विकास भी होना चाहिए। नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने पर बल देती है। यह दृष्टि भारतीय संस्कृति के उस मूल सिद्धांत से प्रेरित है जिसमें कहा गया है कि ज्ञान का सर्वोच्च उद्देश्य लोककल्याण है। राजस्थान के युवाओं में अद्भुत ऊर्जा और प्रतिभा है। आज वे खेल, कला, विज्ञान और प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों में देश और दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य इस प्रतिभा को सही दिशा देना है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन करने की स्वतंत्रता दी गई है, जिससे वे अपनी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ सकें।

राजस्थान जैसे राज्य के लिए कौशल आधारित शिक्षा विशेष महत्व रखती है। यहाँ हस्तशिल्प, वस्त्र-निर्माण, पर्यटन, कृषि और लघु उद्योगों की विशाल संभावनाएँ हैं। यदि शिक्षा को इन क्षेत्रों के साथ जोड़ा जाए, तो युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर उत्पन्न हो सकते हैं। नई शिक्षा नीति इसी दिशा में कौशल विकास को शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाती है। आज के डिजिटल युग में शिक्षा और प्रौद्योगिकी का संबंध भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति डिजिटल माध्यमों के उपयोग को प्रोत्साहित करती है ताकि शिक्षा अधिक सुलभ और प्रभावी बन सके। राजस्थान के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाई जा सकती है। इससे शिक्षा में समान अवसरों की स्थापना होगी। राजस्थान दिवस के अवसर पर यह भी स्मरण करना चाहिए कि यह भूमि सदैव आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देती रही है। महाराणा प्रताप का संघर्ष केवल राजनीतिक स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं था, बल्कि यह स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का संदेश भी था।

*ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।*

# पाँच राज्यों की चुनावी बिसात का 'पश्चिमी बंगाल' केन्द्रबिन्दु



एडवोकेट, जयदेव राठी

भारत में जब भी कई राज्यों में एक साथ चुनाव होते हैं तो राजनीतिक विमर्श केवल स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा का संकेत भी देने लगता है। चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा के बाद देश की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इन चुनावों को लेकर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समीकरण बन रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर टिक गई है। इसका कारण यह है कि यहां पिछले लगभग डेढ़ दशक से सत्ता में मौजूद तृणमूल कांग्रेस और उसे चुनौती देने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरी भाजपा के बीच सीधा और तीखा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

पश्चिम बंगाल की राजनीति पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुकी है। वर्ष 2011 में वाम मोर्चे के लंबे शासन को समाप्त कर सत्ता में आई ममता बनर्जी ने राज्य की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया था। उसके बाद से तृणमूल कांग्रेस लगातार सत्ता में बनी हुई है और इस बार का चुनाव उसके लिए लगभग 15 वर्षों के शासन की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। लोकतांत्रिक राजनीति का एक स्वाभाविक नियम यह है कि लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली सरकारों को एंटी-इन्कम्बेंसी का सामना करना पड़ता है। जनता के एक वर्ग में यह भावना बनने लगती है कि अब बदलाव होना चाहिए। पश्चिम बंगाल में भी विपक्ष इसी मनोविज्ञान को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

भाजपा ने पिछले एक दशक में पश्चिम बंगाल में अपनी राजनीतिक जमीन काफी मजबूत की है। कभी राज्य की राजनीति में सीमित उपस्थिति रखने वाली यह पार्टी आज तृणमूल कांग्रेस की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को राज्य में उल्लेखनीय सफलता मिली थी और 2021 के विधानसभा चुनावों में भी उसने मजबूत प्रदर्शन करते हुए खुद को मुख्य विपक्ष के रूप में स्थापित कर लिया। यही कारण है कि इस बार भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ 'परिवर्तन' का नारा दे रही है। पार्टी का मानना है कि राज्य में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक अक्षमता जैसे मुद्दों के कारण जनता बदलाव चाहती है।

किन्तु भाजपा का यह उत्थान मात्र संगठनात्मक कार्य का परिणाम नहीं है इसके पीछे घुसपैठ का मुद्दा है, जो इस चुनाव को राष्ट्रीय सुरक्षा के धरातल पर ले जाता है। बांग्लादेश में हिन्दुओं की लगातार हो रही हत्याओं से पश्चिम बंगाल के हिन्दू समुदाय में आक्रोश बढ़ रहा है। इस माहौल में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध लोगों की नाराजगी भी तीव्र हुई है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि असम, त्रिपुरा, गुजरात, कश्मीर और पंजाब की सीमाओं पर घुसपैठ नहीं होती केवल बंगाल की सीमा पर क्यों होती है? उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा भूमि न दिए जाने के कारण बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी पूरी नहीं हो पाई। यह आरोप-प्रत्यारोप का खेल केवल शब्द-युद्ध नहीं है इसके पीछे करोड़ों मतदाताओं की भावनाएँ जुड़ी हैं। इस चुनाव में एक नया आयाम विशेष सघन पुनरीक्षण अर्थात् मतदाता सूची के गहन पुनर्निर्माण का विवाद भी जोड़ता है। यह विवाद 'रोटी, कपड़ा और मकान' जैसे बुनियादी मुद्दों को भी पीछे छोड़ते हुए इस वर्ष बंगाल की राजनीति का एक प्रमुख विषय बन गया।

*ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।*

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### उत्तर की तलाश

एक मित्र ने पूछा, 'तुम कब पैदा हुए थे ?'

'शायद तब जब लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री थे, नहीं शायद गुलजारी लाल नन्दा या इंदिरा में से कोई प्रधानमंत्री था।' मैंने उत्तर दिया।

'तुम्हें इतना भी याद नहीं।'

'बच्चा था न- दुनियादारी, राजनीति, से दूर।'

'अब क्या हो?'

'अब भी एक इंसान हूं-छल, कपट, राजनीति, माया-मोह में जकड़ा।'

'मगर इंसान हो ?'

'हां।'

'पर कैसे ? इंसानों के कौन से लक्षण हैं तुममें ?'

मैं चुप रहा, कुछ सोचा फिर



उत्तर की जगह मैंने एक प्रश्न दाग दिया, 'तुम क्या हो ?'

मित्र खामोश था । वह शायद जानता था कि आगे फिर मैं उसका अगला प्रश्न ही दोहराने वाला हूँ ।

एक सीधे प्रश्न के उत्तर की तलाश में हम देर तक एक दूसरे को देखते रहें 7

आज भी उत्तर तलाश रहे हैं कि इंसानों के कौन से लक्षण हैं हममें ?

*- बृजेश नीरज*

## हेल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# प्रेग्नेंसी में कटहल खाना चाहिए या नहीं?

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपने खानपान का विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। दरअसल, गर्भावस्था के दौरान महिला के शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। ऐसे में, शरीर को हेल्दी रखने के लिए स्वस्थ और संतुलित खानपान की जरूरत होती है। प्रेग्नेंसी के दौरान गर्भवती महिला जो कुछ भी खाती-पीती है, उसका असर उसके साथ-साथ शिशु की सेहत पर भी पड़ता है। ऐसे में, प्रेग्नेंसी में गर्भवती महिलाओं को कुछ चीजों को खाने और कुछ चीजों से परहेज करने की सलाह दी जाती है। दरअसल, कई बार गर्भवती महिलाएं कुछ ऐसी चीजों का सेवन कर लेती हैं, जिससे उनकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसी ही एक चीज है कटहल, जिसे लेकर लोगों की अलग-अलग राय है। अक्सर



कई लोगों के मन में इस बात को लेकर कंफ्यूजन रहती है कि प्रेग्नेंसी में कटहल खाना सुरक्षित है या नहीं? तो आइए, डाइट्रीफिट की डायटीशियन अबर्ना माथीवनन से जानते हैं कि प्रेग्नेंसी में कटहल खाना चाहिए या नहीं?

डायटीशियन अबर्ना माथीवनन के मुताबिक, प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन इसका सेवन हमेशा सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। कटहल में ऐसे कई जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो मां और गर्भस्थ शिशु की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। हालांकि, इसका ज्यादा मात्रा में सेवन करने से बचना चाहिए। साथ ही, कटहल को बहुत ज्यादा पकाकर नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे शरीर में गर्मी बढ़ सकती है। प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

**प्रेग्नेंसी में कटहल खाने के फायदे :** कटहल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें जिंक, आयरन, फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, बीटा-कैरोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो गर्भवती महिला के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करने से कब्ज जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है और पेट से जुड़ी दिक्कतें कम हो सकती हैं। इसके अलावा, इसके सेवन से ब्लड प्रेशर नॉर्मल रहता है और हड्डियां भी मजबूत बनती हैं। कटहल में मौजूद पोषक तत्व शिशु के सही विकास में भी मददगार हो सकते हैं।

**प्रेग्नेंसी में कटहल खाने के नुकसान:** प्रेग्नेंसी में कटहल खाने के नुकसान हालांकि कटहल के कई फायदे हैं, लेकिन इसका अधिक मात्रा में सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए कुछ समस्याएं भी पैदा कर सकता है। ज्यादा मात्रा में कटहल खाने से गर्भवती महिला का ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। इसलिए जिन महिलाओं को जेस्टेशनल डायबिटीज है, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए कामकाज के लिहाज से थोड़ा व्यस्त रहने वाला है। काम का दबाव अधिक रहेगा और कुछ विरोधी आपके कार्यों में बाधा डालने की कोशिश भी कर सकते हैं, लेकिन समझदारी से आप स्थितियों को संभाल लेंगे। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का अवसर भी मिल सकता है।

**वृष**
आपके लिए कामकाज के लिहाज से थोड़ा व्यस्त रहने वाला है। काम का दबाव अधिक रहेगा और कुछ विरोधी आपके कार्यों में बाधा डालने की कोशिश भी कर सकते हैं, लेकिन समझदारी से आप स्थितियों को संभाल लेंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी, जिससे कार्यक्षेत्र में आपको लाभ मिल सकता है। जो लोग नौकरी बदलने का प्रयास कर रहे हैं।

**कर्क**
पार्टनरशिप में नया व्यवसाय शुरू करने से फिलहाल बचना ही बेहतर रहेगा। यदि आप किसी सरकारी योजना में निवेश करने का विचार कर रहे हैं, तो वह आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आप अपने मित्रों के साथ समय बिताएंगे और स्वादिष्ट भोजन का आनंद भी लेंगे। राजनीति या किसी सामाजिक मामले से जुड़ी उलझन आज सुलझ सकती है।

**कन्या**
लंबे समय से चली आ रही परेशानियां धीरे-धीरे समाप्त होंगी। आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना होगा और यदि आपने किसी से कोई वादा किया है, तो उसे समय रहते पूरा करने का प्रयास करें।

**तुला**
आज का दिन आपकी आय में वृद्धि कराने वाला रहेगा। आय बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने भविष्य की योजनाओं पर भी ध्यान देंगे। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं और सफलता के लिए प्रयास करेंगे।

**वृश्चिक**
आज का दिन स्वास्थ्य के लिहाज से थोड़ा कमजोर रह सकता है, इसलिए अपने खानपान और दिनचर्या पर विशेष ध्यान दें। यदि किसी समस्या को लेकर आप लंबे समय से परेशान थे, तो उसका समाधान मिलने की संभावना है।

**धनु**
लेन-देन से जुड़े मामलों में सावधानी बरतने का संकेत दे रहा है। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी, लेकिन किसी भी प्रकार का जोखिम लेने से बचें। विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना ही आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**मकर**
आज पारिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का अवसर मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आपकी कोई मनोकामना भी पूरी हो सकती है।

**कुंभ**
आज आपको अपनी जरूरतों के अनुसार ही खर्च करने की सलाह दी जाती है। दिखावे और अनावश्यक खर्चों से दूर रहें। आप संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनी रहेगी और घर का माहौल भी आनंदमय रहेगा। एक के बाद एक अच्छी खबर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। किसी कानूनी मामले में आपको जीत मिल सकती है।

### लांबा कला से मजदूर लेकर आया था, पानी की पीपी उतारते समय हुआ हादसा

# खड़े ट्रैक्टर के तूड़ी से भरे ट्रैक्टर की टक्कर, किसान की मौत

बढ़ता राजस्थान



**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** बावड़ी पंचायत के बालापुरा जाटान गांव में सोमवार सुबह करीब 10 बजे दर्दनाक हादसे में एक किसान की मौत हो गई। लांबा कला गांव से मजदूरों को लेकर गेहूं की कटाई के लिए आए किसान को पीछे से आए तूड़ी से भरे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे वह ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बजरंग लाल जाट (56) पुत्र मूलचंद जाट मजदूरों को लेकर टोडारायसिंह रोड स्थित बालापुरा गांव के श्मशान के पास अपने खेत के कुएं पर आया था। मजदूरों को काम पर लगाने के बाद वह खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखी पानी की पीपी उतार रहा था। इसी दौरान बावड़ी गांव की ओर से आए तूड़ी से भरे ट्रैक्टर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि बजरंग लाल का ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित पलट गया और वह उसके नीचे दब गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से चहुंओर अफरातफरी मच गई। गांव के सैकडों लोग घटना स्थल पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने बजरंग लाल को टोडारायसिंह अस्पताल लेकर आए। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची मेहंदवास पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर राजकीय उप जिला अस्पताल टोडारायसिंह में पोस्टमार्टम करवाया।

बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक खेती बाडी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के एक बेटा और एक बेटी हैं। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर छा गई। मेंहदवास पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू की।

## प्रतिष्ठित मैत्री समूह में एमपी हरीश मीणा नामित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** टोंक-सवाई माधोपुर सांसद हरीश मीणा को 18वीं लोकसभा की अवधि के लिए गठित भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह (India-Nigeria Parliamentary Friendship Group) का सदस्य नामित किया गया है। इस संबंध में लोकसभा सचिवालय, नई दिल्ली के सम्मेलन एवं प्रोटोकॉल प्रकोष्ठ द्वारा उन्हें आधिकारिक रूप से सूचित किया गया है। मैत्री समूह के गठन का उद्देश्य और कार्यप्रणाली भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संवाद, सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंधों को सुदृढ़ करना है। इस मंच के माध्यम से दोनों देशों के बीच विचारों का आदान-प्रदान, संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के दौरे तथा व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और विभिन्न क्षेत्रों में विकास हेतु आपसी सहयोग को प्रोत्साहित किया जाता है।

इस अवसर पर सांसद मीणा ने बताया कि 'वे इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करते हुए भारत और नाइजीरिया के बीच मित्रता, सहयोग और संसदीय संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।'

# नई गाइडलाइनः स्कूलों में अब रोज बजेगी 'वाटर बेल'

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आगामी दिनों में भीषण गर्मी, हीट वेव और लू की आशंका की चेतावनी के बीच स्कूलों में इस बार नई व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। बच्चों को गर्मी से सुरक्षित रखने के लिए शिक्षा विभाग ने कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के तहत अब स्कूलों में लंच ब्रेक के साथ 'वाटर बेल' भी बजाई जाएगी, ताकि बच्चों को समय-समय पर पानी पीने और बाथरूम जाने के लिए छोटे-छोटे ब्रेक मिल सकें।

निदेशक प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग बीकानेर की ओर से जारी आदेश में कहा है कि मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तेज गर्मी और लू की आशंका जताई है। इसे देखते हुए भारत सरकार और राजस्थान सरकार ने सभी स्कूलों में अग्रिम तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



**शुद्ध और ठंडा पेयजल अनिवार्य:** निर्देशों के अनुसार सभी सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों में कक्षा कक्षों में पर्याप्त हवा और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। पंखों की पर्याप्त व्यवस्था के साथ छात्रों के लिए शुद्ध और ठंडे पेयजल की उपलब्धता अनिवार्य की गई है, जिन स्कूलों में कक्षा कक्षों की कमी है या कोई कक्ष निर्माणाधीन अथवा क्षतिग्रस्त हैं, वहां विद्यार्थियों को खुले में बैठाने के बजाय वैकल्पिक रूप से टैंट या छाया की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

**शिक्षा विभाग का अहम बदलाव, 'वाटर बेल' की हुई व्यवस्था:** विभाग ने सबसे अहम बदलाव 'वाटर बेल' की व्यवस्था है। इसके तहत स्कूलों में समय-समय पर घंटी बजाकर बच्चों को पानी पीने और बाथरूम जाने के लिए ब्रेक दिए जाएंगे। छोटे बच्चों को स्वच्छ पेयजल पिलाने की जिम्मेदारी भी स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों की निगरानी में सुनिश्यिचत की जाएगी, ताकि गर्मी के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

### हर स्कूल को रखनी होगी उपचार किट

प्रत्येक विद्यालय में प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था भी अनिवार्य की गई है। इसके तहत स्कूलों में फर्स्ट एड किट के साथ ओआरएस के पैकेट और जरूरी दवाएं रखी जाएंगी, ताकि उल्टी, अपचन, घबराहट, ज्वर या लू जैसी समस्या होने पर तत्काल प्राथमिक उपचार किया जा सके। इसके अलावा विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भीषण गर्मी के दौरान कोई भी खेल प्रशिक्षण, ड्रिल, पीटी, आउटडोर गतिविधियां या कैम्प खुले मैदान में नहीं किए जाएंगे। बच्चों को धूप से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरती जाएगी।

### हर स्कूल को रखनी होगी उपचार किट

प्रत्येक विद्यालय में प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था भी अनिवार्य की गई है। इसके तहत स्कूलों में फर्स्ट एड किट के साथ ओआरएस के पैकेट और जरूरी दवाएं रखी जाएंगी, ताकि उल्टी, अपचन, घबराहट, ज्वर या लू जैसी समस्या होने पर तत्काल प्राथमिक उपचार किया जा सके।

इसके अलावा विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भीषण गर्मी के दौरान कोई भी खेल प्रशिक्षण, ड्रिल, पीटी, आउटडोर गतिविधियां या कैम्प खुले मैदान में नहीं किए जाएंगे। बच्चों को धूप से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरती जाएगी।

### खुले वाहनों में नहीं आएंगे बच्चे

विद्यालय परिवहन को लेकर भी विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। खुले या सीधे धूप के संपर्क में आने वाले वाहनों से बच्चों का परिवहन नहीं कराया जाएगा। वाहन चालकों को अपने वाहनों में प्राथमिक उपचार किट रखना भी अनिवार्य किया गया है।

## खुशी का माहौल गम में बदला
# शादी मे डीजे पर नाचने के विवाद ने एक युवक की ली जान

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला मुख्यालय के सीमेंट फैक्ट्री इलाके में सोमवार रात्रि शादी समारोह में डीजे पर नाचने की बात को लेकर विवाद हो गया. देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ युवकों ने बारात में आए कोटा निवासी विशाल के चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गईघटना के बाद मृतक के पिता रमेश ने मानटाऊन थानें में हत्या का मामला दर्ज करवाया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मानटाउन थाना अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार को कोटा से सवाई माधोपुर स्थित सीमेंट फैक्ट्री इलाके में रहने वाले संजय कलोसिया के यहां बारात आई थी. इस दौरान रात 10 बजे डीजे पर नाचने की बात को लेकर शादी में मौजूद कुछ युवकों के बीच कहासुनी हो गई. थानाधिकारी ने बताया कि इसके बाद कुछ युवकों ने विशाल (28)पर चाकू से हमला कर दिया. चाकू के हमले में घायल हुए युवक विशाल को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पुलिस ने 11 लोगों को किया डिटेन

थानाधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद मानटाउन पुलिस ने 11 लोगों को डिटेन किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के पिता रमेश चंद ने बताया कि शादी में नाचने की बात को लेकर वहां मौजूद कुछ युवकों के बीच कहासुनी हो गई थी. मामला शांत हो गया था, इसके बाद विशाल खाना खाकर वापस आ रहा था, ऐसे में कुछ युवकों ने विशाल के चाकू मार दिया. पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

### हाफिजों को तोहफे देकर किया सम्मान
## शब ए कद्र का त्योहार मनाया, मस्जिदों में विशेष रोशनी से सजावट



### मस्जिदों में मिठाई का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान

**अलीगढ़, (याकूब अली)।** रमजान माह के 26वें रोजे की रात मुस्लिम समाज के लोगों के लिए पूरी रात इबादत की होती है। कस्बे में सोमवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा शब ए कद्र का त्योहार मनाया गया। इसको लेकर मस्जिदों में विशेष रोशनी से सजावट की गई। ईद के त्योहार के चलते इस बार कस्बे के बाजार में विशेष रोशनी की सजावट की गई। मस्जिदों में तरावीह की नमाज पूरी होने के बाद हाफिजों को तोहफे देकर उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जामा मस्जिद में पूर्व सदर हाजी याकूब अली कायमखानी सहित मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा हाफिज सद्दाम सहाब का स्वागत सम्मान कर नकद पुरस्कार राशि दी गई। इस दौरान मस्जिदों में मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर कय्यूम खॉन, आरिफ खॉन खोखर, लालू भाई, लाड़ मामू आदि मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूरी रातभर खुदा की इबादत कर दूआएं की। मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना है कि रमजान का यह महीना इबादत एवं रहमतों से भरा महीना होता है। रमजान माह अंतिम दौर में होने से लोगों को अफसोस भी है तथा ईद की खुशियां भी है। अब बाजार में ईद को लेकर खरीददारों की रौनक बढ़ गई है तथा लोग अपने पसंद की वस्तुओं को खरीद कर रहे है।

## राजस्थान दिवस का आगाज कल से, तैयारियां पूर्ण

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जितेश रावल)।** राजस्थान दिवस आयोजन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर विभिन्न तैयारियां की जा रही है। दिवस के उपलक्ष्य में 19 मार्च को शाम सात बजे से सरूप विलास परिसर में सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। तैयारियों के सिलसिले में जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में बैठक भी हुई। उन्होंने साउंड व्यवस्थाए पार्किंग, मंच, कलाकार व्यवस्था, साज सज्जा व प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए। कहा कि कार्यक्रम में लोक संस्कृति, लोक संगीत व कलाओं पर प्रस्तुति देने को प्राथमिकता दी जाएं। इस दौरान एडीएम राजेश गोयल, सीईओ प्रकाशचंद अग्रवाल, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक भैरूसिंह चौहान, अनंत आर्य समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 18 मार्च को मंदिरों में संध्या काल में विशेष आरती करवाई जाएगी। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त के अनुसार राजकीय मंदिरों में समस्त व्यवस्था प्रसाद वितरण, अतिथि सम्मान के कार्य राज्य सरकार के व्यय पर एवं जबकि प्रन्यास प्रबंधित मंदिरों में समस्त कार्य प्रन्यास प्रबंधन के स्तर से कराए जाएंगे। हर जिले में एक जिला स्तरीय मंदिर चयनित किया गया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन
## राजसखी मेले को देखने दूसरे दिन बड़ी संख्या में पहुंचे लोग



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जिला प्रशासन एवं राजीविका के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट परिसर टोंक में आयोजित राज सखी मेले में मंगलवार को राजीविका स्वयं सहायता महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को देखने एवं खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 1100 से 1999 रुपये की खरीदारी करने पर छोटी थर्मोवेयर वाटर बोतल एवं 2 हजार से अधिक की खरीदारी करने पर बड़ी बोतल उपहार के रुप में ग्राहकों को दी जा रही है।

आमजन में मेले को लेकर उत्साह देखा गया। मेले में प्रदेश के अलग अलग जिलो से आई राजीविका महिलाओं ने दिल से रची हाथों से सजी कला को प्रदर्शित किया। राजसखी मेले में सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक महिलाओं, बच्चों एवं आमजन ने अपनी पंसद की खरीदारी की एवं विभिन्न स्टॉलों पर रखी वस्तुओं की जानकारी ली। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

राजीविका के डीपीएम ललित कुमार ने बताया कि राज सखी मेले में राज्य के समस्त जिलो के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, कपड़े, गृह सज्जा सामग्री, जैविक उत्पाद तथा स्थानीय पारंपरिक वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए 50 से 60 स्टाल लगाई गई है। मेले के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार और आय के नए अवसर प्राप्त हुए है। मेले के आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहें।

### 2 अप्रैल को शोभायात्रा
## भूडा के बालाजी के 3 से 11 मई तक होगा श्रीराम महायज्ञ

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** कस्बे के श्री भूड़ा के बालाजी मंदिर परिसर में श्री राम जानकी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक परम पूज्य श्री 1008 श्री हनुमान दास जी महाराज अध्यक्ष चतु: संप्रदाय अखिल भारतीय अखाड़ा के सानिध्य में संपन्न हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री राम महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 3 मई से 11 मई तक किया जाएगा। 9 दिवसीय नव कुंडात्मक महायज्ञ श्री भूडा के बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित होगा।

महायज्ञ की शुरुआत से पूर्व 2 अप्रैल को ध्वज स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर श्री राम मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। ध्वज पूजन के बाद शोभायात्रा घोड़ी, बैंड बाजा, रथ व बग्गी के साथ मुख्य बाजार से होती हुई बालाजी मंदिर पहुंचेगी।




जहां विधि-विधान से ध्वज स्थापना की जाएगी। महायज्ञ परम पूज्य श्री 1008 श्री हनुमान दास जी महाराज के सानिध्य में एवं यज्ञकर्ता तुलसीदास जी महाराज के निर्देशन में सम्पन्न होगा। आयोजन के दौरान विभिन्न साधु-संतों का सानिध्य भी प्राप्त होगा। आयोजकों ने बैठक में तैयारियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की है।

साथ ही सभी सनातन धर्म प्रेमियों से अपील की है कि 2 अप्रैल को ध्वज स्थापना कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

इस दौरान मुन्ना लाल गुरजी, आत्माराम गुरजी,अशोक कुमार सैनी, बनवारी लाल पाराशर, सत्यनारायण बलरेवा,रामकरण सैनी, मंदिर पुजारी गोपाल वैष्णव, सुधीर चतुर्वेदी,पुरुषोत्तम गौड़, जगदीश प्रसाद पाण्डेता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय जन सुनवाई स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** राज्य सरकार के जन अभियोग निराकरण विभाग ने राजस्थान दिवस के अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री के दौरे, समीक्षा बैठक एवं अन्य कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए गुरुवार, 19 मार्च को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जन सुनवाई को स्थगित किया है।

## राजस्थान युवा शक्ति दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** राजस्थान दिवस समारोह की श्रृंखला में मंगलवार को राजस्थान युवा शक्ति दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला परिषद सभागार में हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारण दिखाया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, सीईओ परशुराम धानका, एसीईओ ललित कुमार, सीएमएचओ शैलेन्द्र सिंह चौधरी, सहायक कलेक्टर देवेन्द्र सिंह चौहान, समाजसेवी ओमप्रकाश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में नव नियुक्त कार्मिकों और युवाओं की भागीदारी रही। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा नव चयनित कार्मिकों को सम्मानित करते हुए विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण किया गया।

### किसान क्रय विक्रय सहकारी समिति की साधारण सभा की बैठक संपन्न,
# वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 31.85 लाख रूपए का प्रस्तावित बजट किया पेश

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** किसान क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक साधारण सभा की बैठक समिति अध्यक्ष अनिता बेनीवाल की अध्यक्षता में झिलाय रोड स्थित समिति प्रांगण में आयोजित हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई। मुख्य व्यवस्थापक विष्णुकुमार जांगिड़ ने आय-व्यय का ब्यौरा देते हुए बताया कि बैठक में गत साधारण सभा की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार, वित्तीय वर्ष के अंतिम



लेखों का अनुमोदन, आगामी प्रस्तावित बजट की स्वीकृति सहित समिति का व्यवसाय बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में समिति को 9.95 लाख का शुद्ध लाभ हुआ है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 31.85 लाख रूपए का प्रस्तावित बजट पेश किया। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने खाद वितरण, खाद क्रय, वितरण व्यवस्था, गौदाम सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई। बैठक में कैलाश चौधरी, ब्रह्मप्रकाश गुर्जर, श्रीराम चौधरी, प्रभु चौधरी, केदार डांगरथल, एसआर फागणा, भंवरलाल जुझारपुरा, सत्यनारायण शर्मा, शंकरलाल शर्मा, महेन्द्र कसाणा, ईश्वरलाल मीणा, मदनलाल सैनी, मोहनलाल चौधरी, गोविन्द चौधरी, दशरथसिंह पलेई, रामनिवास चौधरी, डॉ. तेजभंवरसिंह, सीआर राजाराम भगत, रोमश्वर चौधरी, संजय जैन, रामबाबू शर्मा, मोहनलाल जाट व गणपत बलाई सहित समिति सदस्य मौजूद थे।

### निवाई पुलिस की कार्रवाई
## अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त,

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बजरी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।

थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर टीम का गठन किया गया। टीम में सहायक उपनिरीक्षक कमलेश गुर्जर, कांस्टेबल सावरमल व भारत



शामिल किया गया। टीम द्वारा गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त करके थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है। पुलिस ने चालक व मालिक के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर लिया।

## दत्ताणी गांव में अवैध क्लीनिक सीज

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जितेश रावल)।** रेवदर क्षेत्र के दत्ताणी गांव में अवैध रूप से चल रहे एक क्लीनिक को सीज कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार दत्ताणी गांव में अवैध क्लीनिक की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवई की। यहां जालोर में पूनासा निवासी मनोहरलाल बिना डिग्री उपचार कर लोगों का स्वास्थ्य संकट में डाल रहा था। जांच के दौरान वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इसके बाद क्लीनिक को सीज कर दिया गया।

## जिला कलक्टर ने किया केसरपुर स्कूल का निरीक्षण



### ई-विद्या प्रोजेक्ट के तहत तैयार हुई डिजिटल ई-लाइब्रेरी में विद्यार्थियों से संवाद कर किया प्रोत्साहित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केसरपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ई-विद्या प्रोजेक्ट के तहत तैयार की गई डिजिटल ई-लाइब्रेरी में विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। जिला कलक्टर ने विद्यालय के कक्षा-कक्ष, साफ-सफाई, ई-लाइब्रेरी आदि का निरीक्षण कर प्रधानाचार्य को निर्देश दिये कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। साथ ही कठिन विषयों पर विशेष फोकस करते हुए विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा भी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखते हुए विद्यालय परिसर, क्लास रूम व शौचालय में साफ-सफाई व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने ई-लाईब्रेरी में कंप्यूटर पर अध्ययन कर रहे बालक-बालिकाओं से विस्तृत बातचीत कर उनके शैक्षणिक स्तर को परखकर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कडी मेहनत व दृढनिश्चय से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।

उन्होने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए इस लाइब्रेरी का नियमित उपयोग करते हुए इन्हें आधिकाधिक अभ्यास करवाया जाए। उन्होंने विद्यालय में मेट्सो कंपनी द्वारा निर्मित कराई गई ई-लाइब्रेरी के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर समसा के एडीपीसी मनोज कुमार शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी अश्विनी शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमरैण सीमा शर्मा, प्रधानाचार्य पूनम खत्री सहित मेट्सो कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## हाईवोल्टेज बिजली लाईन के तार के करंट से हुई अधेड़ महिला की मौत

### पुलिस और बिजली विभाग जुटा जाँच में,बिजली लाईन की कर रहे जाँच!

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र के गाँव मोरोड़ी में 11 हजार हाई वोल्टेज बिजली लाईन का तार टूटने से खेत में काम कर रही एक महिला की मौत हो गई है। यह घटना मंगलवार सुबह करीब 10 बजे के करीब बताई जा रही है।

अधेड़ महिला खेत पर काम कर रही थी।पूर्व सरपंच धर्मवीर रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक महिला कमलेश (54) पत्नी शेर सिंह मेघवाल अपने खेत में काम कर रही थीं! तभी खेत के ऊपर से गुजर रहा 11 हजार हाई वोल्टेज बिजली का तार टूटकर उन पर गिर गया। जिससे एक बड़ा हादसा हुआ।हादसे में खेत में काम करने वाली महिला पर बिजली का तार टूटकर गिर गया। जिससे महिला तड़फड़ाकर अचेत हो गईं। जिसे नजदीकी अस्पताल पहाड़ी ले जाया गया। जहाँ से महिला को बहरोड़ स्थित राजकीय अस्पताल के लिए रेफर किया गया।वहीं बहरोड़ अस्पताल पहुँचने के बाद चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।उक्त घटना की जानकारी मिलने के बाद बिजली विभाग के अधिकारी अजीत यादव मौके पर पहुँचे। उन्होंने ने बताया कि 11 हजार की लाईन का तार टूटने से एक महिला की मौत की जानकारी मिली है। विभाग की टीम मौके पर पहुँच गई है और मामले की जांच कर रही है।

## जोधपुर एयरपोर्ट वायुसेना का नोटम जारी, तीस दिनों तक आवागमन बंद रहेगा

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** भारतीय वायुसेना ने जोधपुर एयरपोर्ट के रनवे की री- कारपेटिंग के लिए नोटम ( नोटिस टू एयरमैन ) जारी किया है । इस नोट के अनुसार- करीब 30 दिनों के लिए जोधपुर एयरपोर्ट पर सभी सिविल ( व्यावसायिक ) उड़ानें पूरी तरह बंद रहेंगी। जोधपुर एयरपोर्ट पर 29 मार्च की शाम 6:30 बजे से 27 अप्रैल की शाम 6:30 बजे तक नोटम लागू रहेगा । नोटम यानी ' नोटिस टू एयरमैन ' एक आधिकारिक सूचना होती है , जो पायलटों , एयरलाइंस और नागरिक उड्डयन अधिकारियों को किसी एयरपोर्ट या हवाई क्षेत्र में होने वाले बदलाव , रख - रखाव कार्य या प्रतिबंध के बारे में अग्रिम रूप से सूचित करने के लिए जारी की जाती है ।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया जोधपुर एयरपोर्ट ने 15 मार्च को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पर यह स्पष्ट किया कि जोधपुर एयरपोर्ट एक सिविल एन्क्लेव है और रनवे भारतीय वायुसेना के अधीन है। वायुसेना के अनुसार- जोधपुर एयरपोर्ट के रनवे की आखिरी बार मरम्मत लगभग 7 साल पहले की गई थी। रनवे री - कारपेटिंग का पहला चरण मूलत: 1 मार्च से शुरू होना था , लेकिन यह कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है । वायुसेना ने आश्वासन दिया है कि तीसरे और अंतिम चरण का कार्य मई तक पूरा कर लिया जाएगा वर्तमान में जोधपुर एयरपोर्ट से दिल्ली , मुंबई , बेंगलूरु , पुणे , हैदराबाद , जयपुर और अहमदाबाद के लिए नियमित उड़ानें संचालित हो रही हैं और प्रतिदिन करीब 14 उड़ानें (28 आवागमन ) होती हैं । नोटम जारी होने के बाद इंडिगो , एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 28 मार्च के बाद की सभी बुकिंग रोक दी हैं । इस बार जोधपुर एयरपोर्ट बंद रहने के कारण यहां समर शेड्यूल 28 अप्रैल से ही शुरू हो सकेगा।

# जिला कलक्टर ने किया केसरपुर स्कूल का निरीक्षण

## ई-विद्या प्रोजेक्ट के तहत तैयार हुई डिजिटल ई-लाइब्रेरी में विद्यार्थियों से संवाद कर किया प्रोत्साहित

### साफ-सफाई एवं स्वच्छता तथा क्लास रूम का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर 17 मार्च।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केसरपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ई-विद्या प्रोजेक्ट के तहत तैयार की गई डिजिटल ई-लाइब्रेरी में विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। जिला कलक्टर ने विद्यालय के कक्षा-कक्ष, साफ-सफाई, ई-लाइब्रेरी आदि का निरीक्षण कर प्रधानाचार्य को निर्देश दिये कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। साथ ही कठिन विषयों पर विशेष फोकस करते हुए विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा भी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखते हुए विद्यालय परिसर, क्लास रूम व शौचालय में साफ-सफाई व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जावे।

उन्होंने ई-लाईब्रेरी में कंप्यूटर पर अध्ययन कर रहे बालक-बालिकाओं से विस्तृत बातचीत कर उनके शैक्षणिक स्तर को परखकर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कडी मेहनत व दृढनिश्चय से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए इस लाइब्रेरी का नियमित उपयोग करते हुए इन्हें आधिकाधिक अभ्यास करवाया जाए। उन्होंने विद्यालय में मेट्सो कंपनी द्वारा निर्मित कराई गई ई-लाइब्रेरी के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर समसा के एडीपीसी मनोज कुमार शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी अश्विनी शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमरैण सीमा शर्मा, प्रधानाचार्य पूनम खत्री सहित मेट्सो कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जोधपुर भाजपा देहात दक्षिण की सोशल मीडिया जिला कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** भारतीय जनता पार्टी दक्षिण देहात जोधपुर जिले की जिला कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी थे। जिला मीडिया प्रभारी मानाराम गर्ग ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश निर्देशानुसार आज भारतीय जनता पार्टी दक्षिण देहात जोधपुर की जिला कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में सोशल मीडिया की महत्ती भूमिका और संगठन और सरकार की महत्वपूर्ण कार्ययोजनाएं आमजन में प्रचारित करने के लिए आप सभी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। सभी सोशल मीडिया संयोजक एवं सहसंयोजक केन्द्र सरकार एवं राजस्थान सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित करें एवं कांग्रेस द्वारा फैलाएं जा झुठ और दुष्प्रचार को मुंहतोड़ जवाब देवे।

जिला महामंत्री ड्रा.यशपाल गोदा ने आगामी करने वाले समस्त कार्ययोजना और सोशल मीडिया वालिंटियर भूमिका पर बताया सोशल मीडिया जिला संयोजक डॉ रमेश राठौड़ ने सोशल मीडिया से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य की जानकारी दी कार्यशाला में जिला महामंत्री शिवराम ग्वाला जिला मंत्री विरेंद्र गोदारा जिला ढ्ढ्ढ सैल संयोजक प्रवीण कुमार सोनी सोशल मीडिया जिला संयोजक गिरिराज सिंह, सुरेन्द्र भाटी ने संबोधित किया कार्यशाला में सोशल मीडिया एवं ढ्ढ्ढ सैल जिला पदाधिकारी, विधानसभा संयोजक सहसंयोजक मंडल संयोजक सहसंयोजक की उपस्थिति रही।

### विधायक ने पीडब्लूडी के अधिकारीयों के साथ किया सड़क निर्माण का निरिक्षण!

# सड़क निर्माण में गुणवत्ता में कमी को बर्दास्त नहीं किया जाएगा:शेखावत

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधायक देवीसिंह शेखावत ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का निरिक्षण किया। इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

शेखावत ने अजबपुरा से चाँदपुरी और आडीगैली चतरपुरा से थानागाजी सीमा तक चल रहे सड़क चौड़ाईकरण कार्य का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। शेखावत ने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार ही पूरा होना चाहिए। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जाँचने के लिए मौके पर कोर कटिंग कर सैम्पल भी लिए गए, जिन्हें प्रयोगशाला भेजा गया है। शेखावत ने सड़कों के सुदृढीकरण और चौड़ाई करण होने के कारण को विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया है । उन्होंने कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के आर्थिक व सामाजिक विकास को गति भी मिलेगी। शेखावत ने अधिकारियों को कार्य समय पर पूरा कर आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी, चतरपुरा ग्राम पंचायत के प्रशासक नीरज कुमार, मुकेश गोठवाल, ओमपाल सिंह और रमन नागा सहित अनेक ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य को लेकर अपनी चिन्ताएं भी व्यक्त कीं,तो शेखावत ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि घटिया निर्माण पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी,कर्मचारी और सम्बंधित फर्म पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## भारत गैस एजेंसी की दादागिरी, अगले सोमवार को आएगी गाड़ी!

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र में जहाँ एलपीजी गैस की सप्लाई लगातार समय पर क़रने व करवाने के लिए स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार गंभीर है वहीं भारत गैस की गाड़ी सोमवार को बानसूर नहीं आई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारत गैस एजेंसी की गाड़ी नहीं आने से सैकड़ों की संख्या में परेशान उपभोक्ता बैरंग ही लौट गए। हालांकि हम इस बात की पुष्टि नहीं करते !लेकिन जब हम भारत गैस की सप्लाई गाड़ी द्वारा सिलेण्डारो का वितरण होता है वहाँ उपस्थित उपभोक्ताओं ने अपनी पीड़ा बया की। उन्होंने बताया कि हमने गैस एजेंसी से अपना सिलेण्डर बुक करवा दिया था लेकिन भारत गैस की गाड़ी ही नहीं आई। वहीं एक उपभोक्ता ने बताया कि घर में चाय बनाने और खाना बनाने के लिए गैस नहीं है हम क्या करें। उपभोक्ताओं ने स्थानीय प्रशासन और सरकार से मांग की है कि हमें गैस सिलेण्डर दिलवाया जाए।वहीं उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित ने बताया कि मेरी जानकारी में भारत गैस के उपभोक्ताओं की परेशानी कारण सामने आया है!मैंने अलवर रसद अधिकारी तक क्षेत्र के नागरिकों की समस्या पहुँचाई है। भारत गैस की एलपीजी गाड़ी कल आएगी ऐसा अलवर रसद अधिकारी ने मुझे जानकारी दी है।किसी भी उपभोक्ता को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

## जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की ट्रायल का सफलतापूर्वक आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर।** अलवर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम अलवर में जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की ट्रायल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। संघ के सचिव देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बालक वर्ग में हिमांशु पटवाल, दक्ष यादव, अमन महिवाल एवं शुभांश नरूका तथा बालिका वर्ग में सोनम सैनी, हशिका व्यास एवं प्रभनूर कौर का चयन राज्य स्तरीय ट्रायल हेतु किया गया है। उन्होंने बताया कि चयनित सभी मुक्केबाजों को आगामी 23 एवं 24 मार्च 2026 को अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय ट्रायल में भाग लेना होगा। इस ट्रायल के चयन समिति में भूपेंद्र सिंह राठौड़, विकास शर्मा,महावीर प्रसाद राजोरिया एवं विनीत जुनेजा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस अवसर पर बॉक्सिंग कोच सुनील सैनी, मनीष सैनी, हुकुम सिंह गॉड, गिरीश शर्मा, अजीत यादव, तेजसज इकदाया सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे और खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

## नगरे-नगरे, ग्रामे-ग्रामे यज्ञ अभियान के अंतर्गत बैठक



**अलवर।** मंगलवार को शाम 6 बजे सूरजनगर, जनता कॉलोनी अलवर में महिला मंडल संयोजिका श्रीमती सोमा चौधरी के आवास पर महिला मंडल कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें माता भगवती देवी जन्म शताब्दी वर्ष के नगरे-नगरे, ग्रामे-ग्रामे यज्ञ अभियान के अंतर्गत आयोज्य कार्यक्रम 28 मार्च शनिवार को सांय 5:30 बजे कलश यात्रा। सांय 7 बजे दीपयज्ञ तथा 29 मार्च रविवार को प्रात: 9 बजे 5 कुंडी गायत्री महायज्ञ के प्रचार प्रसार एवम आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विचार मंथन किया। निर्णय लिया कि यज्ञ में भागीदारी करने वाले जोड़ों व याजकों को पीले चावलों से निमंत्रित कर साधक बनाने हेतु मंत्र लेखन पुस्तिका और गायत्री चालीसा वितरित किया जाएगा । गायत्री परिवार के चौधरी चरणसिंह, श्री मुरारीलाल शर्मा तथा श्री मोहनलाल शर्मा की टोली द्वारा यह आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

## जिला कलक्टर ने किया शहर का दौरा

### शहर की सड़कों व साफ़सफ़ाई व्यवस्था का नगर निगम की टीम के साथ किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

अलवर 17 मार्च। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नगर निगम की टीम के साथ अलवर शहर का दौरा कर निकाय क्षेत्रा की सडकों की स्थिति एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

जिला कलक्टर ने प्रताप ऑडिटोरियम से सोनावा डूंगरी होते हुए ज्योतिराव फूले सर्किल से तिजारा फाटक से टैल्को सर्किल तक, एरोड्रम रोड व कला महाविद्यालय से एनईबी क्षेत्रा की सडकों एवं साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को शहर की सडकों पर धूल प्रबंधन हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकेप) के तहत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये, जिसमें क्षतिग्रस्त मिले एरोड्रम रोड को नया बनाने, कला महाविद्यालय से एनईबी मस्जिद तक क्षतिग्रस्त रोड को नया बनवाने, तिजारा फाटक से टेल्को रोड के एकतरफ के क्षतिग्रस्त रोड को नया बनवाने के प्रस्ताव बनाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही निर्देश दिये कि इन रोड के दोनों तरफ आवश्यकतानुरूप इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाकर शोल्डरिंग कार्य के भी प्रस्ताव तैयार करावे।

उन्होंने शहर की साफ-सफाई की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि ऑटो टिपर में गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक डालने हेतु आमजन को जागरूक भी किया जावे।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, सहायक अभियन्ता दिनेश वर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता कृति सिंह व एनकेप विशेषज्ञ योगेश पूनिया मौजूद रहे।

# मृतका के पिता ने करवाई है दहेज़ हत्या की रिपोर्ट: राजेश

### संदिग्ध परिस्थितियों के चलते हुई महिला की मौत, पुलिस अनुसन्धान में जुटी!

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के गाँव महणपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मृत्यु का मामला सामने आया हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोटपूतली में रविवार शाम करीब 5:30 बजे एक युवक अपनी पत्नी को बेहोशी की हालत में बीडीएम जिला अस्पताल लेकर पहुँचा।जहाँ चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मामले में महिला के भाई ने पति द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने का आरोप लगाया है।

वहीं बानसूर थाना प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि हरियाणा के दुखेरा निवासी निकिता धानका (21) की शादी दो साल पहले बानसूर के महणपुर गांव निवासी कृष्णकुमार से हुई थी। रविवार शाम को निकिता की तबीयत बिगड़ने पर कृष्ण उसे बेहोशी की हालत में लेकर कोटपूतली जिला अस्पताल पहुँचा।जहाँ चिकित्सकों ने जाँच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि उसकी मौत नहीं हुई बल्कि हत्या हुई है।पीड़ित मृतका के भाई धर्मवीर ने मृतका के पति कृष्ण पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने का आरोप लगाया है। धर्मवीर ने बताया कि रात को सूचना मिली कि निकिता की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर वे कोटपूतली अस्पताल पहुँचे,जहाँ मृतका बहन के शव को देखने पर निकिता के गले पर निशान दिखाई दिए। उनका आरोप है कि गला दबाकर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि कृष्ण पहले भी दहेज को लेकर निकिता को प्रताड़ित करता था।

धर्मवीर के अनुसार दो दिन पहले ही निकिता ने परिजनों से बात की थी और बताया था कि वह लावणी करने जा रही है तथा पूरी तरह ठीक है।

**घर में पति-पत्नी ही रहते थे:** पुलिस के अनुसार कृष्ण की माँ का तीन साल पहले निधन हो चुका है और उसके पिता बाहर रहकर काम करते हैं। घर में पति-पत्नी ही रहते थे।थानाधिकारी राजेश यादव ने बताया कि महणपुर में महिला की मौत का मामला सामने आया है। हालांकि मौत के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। मृतका के पीहर पक्ष की शिकायत पर पति कृष्ण के खिलाफ दहेज की माँग को लेकर हत्या का मामला दर्ज किया गया है और विराटनगर वृतांधिकारी को मामले की जाँच सौंपी गई है।शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया गया है!वहीं पुलिस गहनता से अनुसन्धान में जुट गई है।

राजस्थान युवा शक्ति दिवस-2026

## सिआम ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** राजस्थान युवा शक्ति दिवस-2026 के जयपुर में मंगलवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को कौशल उन्नयन प्रमाण-पत्र सौंपे। साथ ही, 485 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया और 403 स्टार्टअप्स को 11.45 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यहां सिआम ऑडिटोरियम में किया गया। राजस्थान युवा शक्ति दिवस पर सिआम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में आरकेसीएल, आरएसएलडीसी जैसी संस्थाओं से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को कोटा दक्षिण विधायक श्री संदीप शर्मा एवं जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया द्वारा कौशल उन्नयन प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर आरकेसीएल कोटा से प्रशिक्षण प्राप्त 12 युवाओं, आरएसएलडीसी से कस्टमर केयर एक्जिक्यूटिव ट्रैनिंग एवं जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स की ट्रैनिंग पूरी कर चुके 14 युवाओं तथा आर-कैट से प्रशिक्षण प्राप्त 19 युवाओं को स्किल सर्टिफिकेट वितरित किए गए। इसके अलावा जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के माध्यम से मोनिका सिंह को बीआरयूपीवाय योजना में कृषि डेयरी उत्पादों के व्यापार के लिए 25 लाख रुपए के मार्जिन मनी अनुदान का चेक, सुनील मीणा को दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना में जिम सेंटर के लिए 4.45 लाख रुपये के मार्जिन मनी अनुदान, कृष्ण कुमार को बीआरयूपीवाय योजना में हार्डवेयर शॉप के लिए 2.5 लाख रुपए, दिनेश चौपदार को बीआरयूपीवाय योजना में फायर सेफ्टी कार्यों के लिए ढाई लाख रुपए के मार्जिन मनी अनुदान का चेक वितरित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन श्री वीरेन्द्र सिंह यादव, सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर, महा प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र हरिमोहन शर्मा, उप निदेशक रोजगार कार्यालय मनोज कुमार पाठक सहित जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त युवा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नीता डांगी ने किया।

## ई-बाजार पोर्टल संबंधी कार्यशाला



बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** ई-बाजार पोर्टल के माध्यम से स्टार्ट कंपनियों के उत्पाद एवं सेवाओं की खरीद से संबंधित कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को शहीद हेमू कालानी भवन परिसर स्थित आईस्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेटर सेंटर में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा नवाचार एवं स्ट्टाटअप को ब?ावा देने के लिए ई-बाजार पोर्टल के उपयोग की प्रकिया से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराना था, ताकि वे अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप पंजीकृत स्ट्टाटअप कंपनियों से सीधे उत्पाद एवं सेवाओं का कय कर सकें। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों द्वारा ई-बाजार पोर्टल की कार्यप्रणाली, पंजीकरण प्रक्रिया, उत्पाद/सेवाओं के चयन एवं खरीद से संबधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस पहल से न केवल विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं दक्षता ब?गी, बल्कि स्थानीय स्तर पर स्टार्टअप इकोसिस्टम को भी प्रोत्साहन मिलेगा। प्रतिभागियों से अपेक्षा की गई कि वे प्राप्त जानकारी को अपने-अपने विभागों में साझा करें, ताकि अधिकतम स्तर पर इसका लाभ लिया जा सके।

## राजस्थान दिवसः बूंदी के चारभुजा जी मंदिर में 18 मार्च को होगी महाआरती

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के राजकीय मंदिरों में विशेष आयोजनों की कड़ी में बूंदी में भी भव्य कार्यक्रम होंगे। देवस्थान विभाग के निरीक्षक आशुतोष ने बताया कि 18 मार्च 2026 को सायं 7 बजे तिलक चौक स्थित चारभुजा जी मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जाएगा। इसके साथ ही बूंदी जिले के अन्य 14 राजकीय मंदिरों में भी विशेष आरती के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## नवनिर्मित विश्रांति गृह का आज कपासन के मोक्षधाम मेंहोगा समारोहपूर्वक लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ।** नगर के मोक्षधाम परिसर में नवनिर्मित विश्रांति गृह का आज बुधवार को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों की उपस्थिति में समारोहपूर्वक लोकार्पण किया जायेगा। जानकारी अनुसार श्री रामलालजी सोमानी की धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा जन सेवार्थ नगर कपासन राज राजेश्वर बड़ा तालाब किनारे स्थित मोक्षधाम परिसर में नवनिर्मित विश्रांति गृह का लोकार्पण आज बुधवार को समारोहपूर्वक किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि श्री रामलालजी सोमानी ट्रस्ट कपासन द्वारा क्षेत्रीय जनहितार्थ नगर के विशाल पेयजल स्त्रोत राज राजेश्वर बड़ा तालाब किनारे स्थित मोक्षधाम परिसर में विश्रांति गृह का निर्माण कराया गया है।जिससे किसी भी अंतिम यात्रा में आगंतुकों को किसी भी मौसम में छायारूपी विश्राम उपलब्ध हो सके।जिसके अंतर्गत श्री रामलालजी सोमानी ट्रस्ट द्वारा नवनिर्मित विश्रांति गृह का आज बुधवार प्रातः 11 बजे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों की उपस्थिति में समारोहपूर्वक लोकार्पण किया जायेगा।

अफोर्डेबल आवासीय योजना उम्मेदपुरा की लॉन्चिंग

# आर्थिक कमजोर, अल्प आय वर्ग का घर का सपना होगा साकार-संभागीय आयुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कोटा।** मुख्यमंत्री जन आवास योजनान्तर्गत कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा अफोर्डेबल आवासीय योजना उम्मेदपुरा की मंगलवार को केडीए परिसर में लॉन्चिंग की गई। इस आवास योजना में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के 544 एवं अल्प आय वर्ग (एलआईजी) के 288 जी प्लस थ्री फ्लेट्स बनाए जाएंगे।

संभागीय आयुक्त एवं प्राधिकरण अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल ने योजना की पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर प्राधिकरण अध्यक्ष ने कहा कि कोई बेघर ना रहे, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के इस संकल्प को साकार करने की दिशा में केडीए द्वारा यह अफोर्डेबल आवासीय योजना लॉन्च की जा रही है। इससे कमजोर एवं अल्प आय वर्ग के लिए अपने घर का सपना साकार हो सकेगा। इन वर्गों को रियायती दर पर सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराना केडीए की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस योजना को एक मॉडल के रूप में सभी सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा। ताकि यहां रहने वाले सम्मानजनक जीवन बिता सकें। योजना को दो साल से पहले ही पूर्ण करने का प्रयास रहेगा। उन्होंने पीएनबी मण्डल प्रमुख को निर्देश दिए कि योजना के आवेदकों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराई जाएं।

प्राधिकरण आयुक्त ममता कुमारी तिवारी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला के संकल्प को प्राथमिकता देते हुए अफोर्डेबल आवासीय योजना लॉन्च की गई है। निकट भविष्य में भी इसी तरह की अन्य योजनाएं लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उम्मेदपुरा अफोर्डेबल आवासीय योजना राष्ट्रीय राजमार्ग-52 झालावाड़ रोड से लगभग 700 मीटर अंदर की ओर सुधा मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित है। उन्होंने बताया कि इडब्ल्यूएस के लिए आवास की अनुमानित कीमत 6.98 लाख तथा अल्प आय वर्ग के लिए आवास की कीमत 10.73 लाख रुपए है। नियमानुसार अनुदान एवं सब्सिडी की प्रक्रिया प्रस्तावित है। सचिव मुकेश चौधरी ने योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना में आवेदन पत्रों का विक्रय प्रारम्भ कर दिया गया है। जमा करने की अंतिम तिथि 16 अप्रेल 2026 रहेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अन्तर्गत आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग के आवास पर 2.50 लाख के अनुदान एवं अल्प आय वर्ग के आवास के लिए 6.50 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी पर ऋण उपलब्ध कराने हेतु योजना केन्द्र सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित करना प्रस्तावित है। आवासों का आवंटन लॉटरी से किया जाएगा जिसमें राज्य सरकार के नियमानुसार विभिन्न वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। आवेदन पुस्तिका पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं पर उपलब्ध रहेंगे। पंजाब नेशनल बैंक मण्डल प्रमुख आशुतोष ने कहा कि बैंक की सभी शाखाओं पर आवेदन उपलब्ध रहेंगे। आमजन की सुविधा के लिए शाखाओं में इसके लिए अलग से काउंटर बनाया जाएगा तथा आवेदन पत्र भरने, दस्तावेज इत्यादि की जानकारी के लिए हेल्प डेस्क भी लगाई जाएगी। केडीए की निदेशक वित्त डॉ. नीतू सिंह, सलाहकार राजस्व परमानंद गोयल एवं केडीए के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

शबे कद्र पर मस्जिदों में गूंजती रही इबादत, रोजेदारों ने मांगी अमन-सलामती की दुआ

## मस्जिदों में रही विशेष रौनक, रंग-बिरंगी लाइटों से सजावट, रोजेदारों के लिए सहरी का इंतजाम

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला।** झालावाड़ जिले के चौमहला सहित क्षेत्र मै मुकद्दस रमजान के अंतिम चरण में शबे कद्र के मौके पर सोमवार की रात चौमहला व गंगधार क्षेत्र की मस्जिदों में अकीदतमंदों ने पूरी रात इबादत की। रोजेदारों ने नमाज अदा कर कलाम-ए-पाक की तिलावत की और अल्लाह से रहमत, बरकत, सलामती और मगफिरत की दुआएं मांगी।शबे कद्र को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह और चहल-पहल देखने को मिली।

कस्बे की मस्जिदों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया, जिससे देर रात तक विशेष रौनक बनी रही।मस्जिद के पेश इमाम हनीफ खान ने बताया कि शबे कद्र की रात की गई इबादत का बहुत बड़ा सवाब मिलता है। इस रात मांगी गई दुआओं को अल्लाह कबूल करता है और सच्चे दिल से तौबा करने वालों के गुनाह माफ कर देता है। उन्होंने बताया कि इसी मुबारक रात में अल्लाह ने कुरान शरीफ को नाजिल किया था, इसलिए शबे कद्र की एक रात हजारों महीनों से बेहतर बताई गई है।इस मौके पर क्षेत्र की मस्जिदों में दुरूद-सलाम और महफिल-ए-मिलाद का आयोजन भी किया गया। वहीं कई स्थानों पर रोजेदारों के लिए सहरी के विशेष इंतजाम किए गए।

## जिले में भी हुआ कार्यक्रम, नव नियुक्त युवाओं ने लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**चितौड़गढ ( संजय खाबिया )।** राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही चित्तौड़गढ़ जिले में जिला परिषद सभागार में भी राजस्थान दिवस के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में हाल ही में नियुक्त हुए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में पटवारी, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, यूनानी, कनिष्ठ सहायक एवं सूचना सहायक सहित विभिन्न पदों पर चयनित युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम ने उपस्थित युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा कार्मिक प्रशासन की सुदृढ़ नींव होते हैं और उनकी सकारात्मक कार्यशैली से ही आमजन को बेहतर सेवाएं प्राप्त होती हैं। इस अवसर पर उपनिदेशक उद्यान विभाग डॉ. शंकर लाल जाट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय बना दिया।

## बूंदी में गणगौर की धूमः नीलकंठ महादेव मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा, भजनों पर झूमीं महिलाएं





बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ।** छोटी काशी के नाम से विख्यात बूंदी शहर में गणगौर महोत्सव को लेकर उत्साह परवान पर है। सुहाग और सौभाग्य के इस महापर्व की तैयारियों के बीच गुरु नानक कॉलोनी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर महिला मंडल द्वारा एक भव्य एवं श्रद्धापूर्ण कलश यात्रा निकाली गई।

**बाल ईशर-गणगौर बने आकर्षण का केंद्र**

महोत्सव के पांच दिन पूर्व आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। कलश यात्रा के दौरान शेल शर्मा और आयुषी ने 'बाल ईशर' एवं 'गणगौर' का रूप धारण किया, जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहे।

**भजन-कीर्तन से गुंजायमान हुआ वातावरण**

परंपरागत परिधानों में सजी महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए ईशर-गणगौर की पूजा-अर्चना की। नीलकंठ महादेव मंदिर में आयोजित भजन संध्या में महिलाओं ने नाच-गाकर ईश्वर को प्रसन्न किया। इस दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

**उपस्थित गणमान्य महिलाएं:**

कार्यक्रम में कमलेश शर्मा, शांति बाई, सुशीला गौतम, संजू शर्मा, अनुराधा, पुष्पा राजावत, रेणु मालव, कांता बाई, मोना, आशा वैष्णव, लाड बाई, मीनाक्षी शर्मा, लक्ष्मी सहित बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित रहीं।

**21 मार्च को मनेगा मुख्य पर्व**

गणगौर का मुख्य पर्व 21 मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सुहाग की लंबी उम्र और कुंवारी कन्याएं सुयोग्य वर की कामना के साथ माता गणगौर का पूजन करेंगी।

## हिंदू नव वर्ष, चैत्र प्रतिपदा पर भव्य शोभायात्रा 19 को

उज्जैन की प्रसिद्ध महाकाल झांकी के साथ ही विभिन्न झांकियां, अखाड़े प्रदर्शन , भारतमाता की आरती मुख्य आकर्षण

बढ़ता राजस्थान

**चितौड़गढ ( संजय खाबिया )।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में हिंदू नव वर्ष समारोह आयोजन समिति द्वारा गुरुवार 19 मार्च को भव्य शोभायात्रा और नववर्ष स्वागत आयोजन समारोह पूर्वक किए जाएंगे। नव वर्ष की पूर्व संध्या बुधवार 18 मार्च को सायंकाल गंभीरी नदी तट पर आकर्षक रंगोली सजाई जाएगी एवं घूमर नृत्य, गरबा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे, जबकि भव्य आतिशबाजी के साथ दीपदान किया जाएगा। समारोह में भागीदारी करने वाले विविध संगठनों,विद्यालयों और सामाजिक व धार्मिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं झांकियों सहित सभी ने आयोजन को भव्य रूप देने वृहद स्तरीय तैयारीयाँ की जा रही है । समस्त सामाजिक संगठनों एवं विविध संगठन व संस्थाओं की हिंदू नव वर्ष आयोजन समिति द्वारा आयोजित होने वाले आयोजन के तहत 19 मार्च गुरुवार को प्रातः वर्ष प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष के स्वागत हेतु शहर के प्रमुख चौराहों पर राष्ट्रसेविका समिति , मातृशक्ति द्वारा मंगल तिलक करके नीम, मिश्री व काली मिर्च का प्रसाद वितरित कर शुभकामनाएं दी जाएगी। जबकि अन्य शिक्षण व संस्थानों द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर तिलक लगाकर, नीम मिश्री का प्रसाद वितरित किया जाएगा। गुरुवार 19 मार्च को मुख्य समारोह के रूप में इंदिरा गांधी स्टेडियम से सायंकाल 4.30 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में सर्व हिंदू समाज के महापुरुषों की झांकियां, उज्जैन महाकाल की नयनाभिराम झांकी, भारत माता की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। जबकि सभी विद्यालयों, धार्मिक मंडल, प्रभात फेरियां व अन्य झांकियां तथा सर्व हिंदू समाज के महिला पुरुषों की बड़ी संख्या में भागीदारी रहेगी। शोभायात्रा इंदिरा गांधी स्टेडियम से रविवार सायंकाल 4.30 बजे प्रारंभ होकर शास्त्री नगर चौराहा, कलेक्ट्रेट चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड, गंभीरी पुलिया, अप्सरा चौराहा होकर सुभाष चौक पहुंचेगी। जहां सायं काल भारत माता की आरती , संत आशीर्वचन व प्रसाद वितरण के साथ ही समापन किया जाएगा। आयोजन समिति संरक्षक , इतिहास संकलन समिति के प्रांतीय संरक्षक वैद्य लक्ष्मी नारायण जोशी ने बताया कि समारोह में भागीदारी करने वाले विविध संगठनों, विद्यालयों और सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा आयोजन की तैयारियां जारी है।

## हर्षिता खन्नीवाल का नवोदय विद्यालय में चयन, क्षेत्र में खुशी

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी ।** रामगंजमंडी क्षेत्र की प्रतिभाशाली छात्रा हर्षिता खन्नीवाल, पिता दिनेश खन्नीवाल का जवाहर नवोदय विद्यालय, खैराबाद में कक्षा 6 में चयन हुआ है। हर्षिता स्ष्ठस् सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सातलखेड़ी की छात्रा है। हर्षिता की इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उसे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है।

## रामगंजमंडी की बेटी गौरांशी को सिटी पैलेस उदयपुर में मिला सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी ।** , कोटा की प्रतिभाशाली बेटी गौरांशी को उदयपुर के सिटी पैलेस में आयोजित समारोह में महाराणा फतेह सिंह स्पेशल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं महाराजा डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा प्रदान किया गया। समारोह के दौरान गौरांशी की बड़ी मां नीतू शर्मा ने बताया कि गौरांशी के माता-पिता गौरव और प्रीति बोलने और सुनने में असमर्थ हैं, लेकिन उन्होंने अपनी इकलौती बेटी को कड़ी मेहनत से इस मुकाम तक पहुंचाया है। गौरांशी ने छोटी उम्र में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर देश और समाज का नाम रोशन किया है। यह जानकारी मिलने पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने स्टेज से ही गौरांशी के माता-पिता को हाथ जोड़कर सम्मान दिया और उनके प्रति आदर व्यक्त किया। इस भावुक क्षण को देखकर कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग खड़े हो गए और तालियों की गूंज से गौरांशी व उनके परिवार का अभिनंदन किया।

## भरतपुर में खुले भारतीय सिविल अकाउंट सर्विस की राष्ट्रीय अकादमी

### समृद्ध भारत अभियान के निदेशक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

भरतपुर, घनश्याम अवस्थी।



भारत सरकार द्वारा भारतीय अकाउंट सर्विसेज (आईसीएएस) के अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए राजस्थान में खोली जाने वाली राष्ट्रीय अकादमी भरतपुर शहर के समीप मई गुजर गाँव में खोलने का सुझाव समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दिया है। यह स्थान आवागमन, आवास एवं पर्यावरणीय परिस्थितियों की दृष्टि से अधिक उपयुक्त है।

गुप्ता द्वारा लिखे गये पत्र में कहा कि भरतपुर में खोले जाने वाली राष्ट्रीय अकादमी के लिए जिला प्रशासन ने सर्वेक्षण कर ग्राम भवनपुरा (तहसील-भरतपुर) एवं ग्राम खटौटी (तहसील-नदबई) के नाम राज्य सरकार को भेजे हैं। किन्तु इन दोनों स्थलों के मुकाबले ऊँचा नगला के पास स्थित मई गुजर गाँव की भूमि अधिक उपयुक्त है। क्योंकि खटौटी क्षेत्र को औद्योगिक विकास के लिए आरक्षित रखा जाना चाहिए जिससे भविष्य में निवेश, नये उद्योगों की स्थापना व सेवा क्षेत्र विकसित होने से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। इसी प्रकार भवनपुरा गाँव की भूमि भी इस राष्ट्रीय अकादमी के लिए किसी भी दृष्टि से उपयुक्त नहीं है क्योंकि इस पहुँच मार्ग व रेल यातायात से जुड़ाव ठीक प्रकार से नहीं है। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक द्वारा लिखे पत्र में कहा है इस राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में देश भर के वित्त तथा वित्तीय प्रशासन एवं सार्वजनिक क्षेत्र के प्रबंधकों को गहन प्रशिक्षण दिया जायेगा ! भरतपुर में अकादमी की स्थापना से यह स्थल देश का प्रमुख केंद्र बन जायेगा ! अकादमी स्थापना से भरतपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में सार्वजनिक विकास होने के साथ साथ सेवा क्षेत्र का विस्तार भी होगा जिससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नये अवसर प्राप्त होगे ! इसके अलावा इस अकादमी में शोध, सेमीनार एवं प्रशासनिक अध्ययन से सम्बंधित अनेक कार्यक्रम होंगे जिनका लाभ क्षेत्र के शैक्षिक संस्थानों को प्राप्त हो सकता है ! इस राष्ट्रीय स्तर के संस्थान के भरतपुर में स्थापित होने से पूर्वी राजस्थान को देश में विशिष्ट पहचान मिल सकेगी !

## डांग क्षेत्र में लेपर्ड का आतंक

### गाय को बनाया शिकार, बोलेरो सवार युवकों के शोर से भागा लेपर्ड



बयाना 17मार्च (अमन झालानी)।

बयाना- करौली बॉर्डर से सटे डांग क्षेत्र में इन दिनों लेपर्ड की दहशत बढ़ती जा रही है। सोमवार देर रात एक लेपर्ड ने जंगल मार्ग पर गाय पर हमला कर उसे शिकार बना लिया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे बोलेरो सवार युवकों ने शोर मचाकर लेपर्ड को भगा दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, कोड़ापुरा गांव निवासी जितेंद्र मावई अपने साथियों रामकेश, मनोज और रामकुमार के साथ बोलेरो गाड़ी से बयाना से अपने गांव लौट रहे थे। रात करीब 12 बजे जब वे कोड़ापुरा- नवलापुरा मार्ग पर चीलपुरा ताल के पास पहुंचे। तो सड़क किनारे एक लेपर्ड गाय पर हमला करता दिखाई दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लेपर्ड गाय की गर्दन दबोचकर उसे घसीटते हुए जंगल की ओर ले जाने का प्रयास कर रहा था। गाड़ी की हेडलाइट में पूरी घटना स्पष्ट दिखाई दे रही थी। युवकों ने वाहन के अंदर से शोर मचाया, जिससे लेपर्ड घबराकर गाय को छोड़कर जंगल में भाग गया। इस दौरान युवकों ने पूरी घटना अपने मोबाइल में कैद कर ली, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो सामने आने के बाद वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया है। बंध बारैठा रेंज के रेंजर जितेंद्र सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। प्राथमिक रूप से घटना डांग क्षेत्र की प्रतीत हो रही है और इसकी सूचना करौली वन विभाग को भी दे दी गई है। वन विभाग ने एहतियात के तौर पर क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे रात के समय जंगल क्षेत्र में अकेले न जाएं और अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखें।

# शतायू पुरुष पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का हुआ भव्य सम्मान

## ● मोदी कर रहे हैं गैर जरूरी खर्च - रामकिशन ● पानी और रोजगार के लिये करेंगे संघर्ष : इन्दल सिंह

**भरतपुर, घनश्याम अवस्थी।** कामवन कांमा में आयोजित सम्मान समारोह में भरतपुर के पूर्व सांसद पंडित रामकिशन का उनके जीवन के सौ वर्ष पूरे होने पर कस्वा और दूर दराज से आये सभी जाति और धर्मो के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिको द्वारा अभिनंदन किया गया और उनको सोल श् दुपट्टा श् प्रतीक चिन्ह श् पुस्तकें और फूल मालाऐं पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मान किया गया और फूल मालाओ से लाद दिया । इस अवसर पर पानी आन्दोलन के संयोजक किसान नेता इन्दल सिंह जाट का भी सम्मान किया गया । बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन को और दीघायू होने के लिय शुभकामनाऐं दी ।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि मोदी सरकार का विकसित भारत का कार्यक्रम बनाना तो स्वागत योग्य है लेकिन अर्थशास्त्रीयों के मुताविक उसके लिये विकास दर 9: होनी चाहिये जबकि मोदी सरकार की विकास दर 6 -7: से ज्यादा नहीं बढ़ रही है । उन्होंने कहा कि विकासदर बढ़ाने के लिये सरकार को योजनाओं में अधिक पूंजी नियोजन करनी चाहिये । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने ऊपर जिस तरह खर्च कर रहे है वो पैसे की बर्बादी है । प्रधानमंत्री मोदी जी 12 - 12 करोड़ की कारों में चलते है उनके दो हवाई जहाज 8 हजार करोड़ के है जबकि प्रधानमंत्री मोदी अपनी सुरक्षा और विदेश यात्रा पर प्रतिदिन एक करोड़ 62 लाख रुपया रोज खर्च करते है। केन्द्र सरकार अपने प्रचार के लिये 3 करोड़ रुपये प्रतिदिन विज्ञापन पर खर्च कर रही है ।

पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि प्रधान मंत्री मोदी ने अपने निवास पर 80 करोड़ रुपये खर्च किये है जबकि उसी प्रकार दूसरे मंत्री और बड़े अधिकारी भी जरूरत से ज्यादा अपनी सुवधाओं पर खर्च कर रहे है । उन्होंने कहा कि देश के सभी राजनैतिक पार्टीयो की जितनी कुल सम्पत्ति है उसमे अकेले भाजपा की सम्पत्ती 70: अकेले की है जबकि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के वक्त विकासदार 7.3: थी जो मोदी के समय में घटकर 5.5: रह गई है । देश में बाँध और पुल बने ये अच्छी बात है लेकिन देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी मोदी के कार्यकाल में ही बढ़ी हैं । मोदी ने विदेश नीति को व्यक्तिगत नीति से जोड़ दिया है और आज देश अकेला पड़ गया है। उहोंने कहा कि विरोधी पार्टी भी सरकार का हिस्सा होती है दुश्मन नहीं लेकिन मोदी और भाजपा विरोधियो को राजनैतिक तौर पर दुश्मन समझाती है।

सम्मान समारोह में किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि भरतपुर और डीग जिलो में सबसे बड़ा संकट पानी और रोजगार का है यहाँ से लोग पलायन कर रहे है और बढ़ती बेरोजगारी के कारण अपराधों में भी वृद्धी हो रही है । उन्होंने कहा कि यहाँ आवादी का घनत्व ज्यादा है और खेती छोटी है और उसमें लागत अधिक है । उन्होंने कहाँ कि भरतपुर और डीग जिलों में छोटे प्रदूषण रहित उद्योग धन्धे स्थापित होने चाहिये ताकी नौजवानों को रोजगार मिल सके । उन्होंने लोगों से बूंद बूंद पानी का संरक्षण करने की जरूरत बताई । किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि भरतपुर और डीग के मुकावले दूसरे जिले ज्यादा तरक्की कर रहे है । उन्होंने कहा कि एनसीआर और टीटीजेड से भरतपुर और डीग जिले को भारी नुकसान हुआ है अब इनसे मुक्ति मिलनी चाहिये । उन्होंने कहा कि पानी और रोजगार का उनका संघर्ष जारी रहेगा । उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद और पूर्व विधायक पंड़ित रामकिशन ने अपने जीवन में हमेशा जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष किया है और आज भी बगैर पद के तीन दशक से लगातार संघर्ष कर रहे हैं , जबकि



भरतपुर और डीग जिलो में तमाम पूर्व विधायक और पूर्व सांसद है जो पेंशन ले रहे है उनमेसे बहुत कम ही ऐसे नेता है जो जनता के हित में आबाज उठाते है ।

किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि पंड़ित रामकिशन उम्र से बुड्डे है लेकिन हौशले बुलंद है , उनके जज्जबातों को सलाम है ।

उनके विचार लगन और संघर्ष बेमिसाल है । सौ वर्ष की उम्र में आज भी पूर्व सांसद नौजवानों से ज्याद संघर्षशील रहते है ।

सम्मान समारोह को पूर्व विधायक समशुल हसन पूर्व चौयरमेन बृजकिशोर लोधा ने कहा कि पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने हमेशा सिदान्त की राजनीति की अवसरवाद ता की नही । कार्यक्रम मेंश् सामाजिक कार्यकत्ता विजय मिश्रा प्रदीप गोपल पार्षद पूर्व जिला पार्षद चन्दन पहलवान गोपी चन्द एडवोकेट ठा0 रविन्द्र पाल सिंह ने पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन के जीवन पर विस्तार से विचार रखे । कार्यक्रम में ओमप्रकाश सिंघल सतीश खन्डेलवाल कमल अरौरा रमाकांत शर्मा . रमजान खाँ मुन्शी खाँ पटवारी रसीद खाँ पूर्व जिला पार्षद मनीराम सरपंच घिलावटी पंडित हरप्रसाद शर्मा कांमा सहित बड़ी संख्या लोगो ने हिस्सा लिये ।

कार्यक्रम में कांमा कस्वे के लगभग सभी जाति धर्मो सहित विभिन्न संगठनो से जुड़े बड़ी संख्या पदाधिकारियों ने शताब्दी पुरुष पंडित रामकिशन का अलग अलग तौर तरीकों से अभिनंदन किया गया । कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोगो ने हिस्सा लिया ।

## गाँव सूरौता में रोजगार कैम्प में 30 छात्र- छात्राओं को मिला रोजगार

### एडवोकेट सचिन सूरौता ने दी जानकारी

**भरतपुर, घनश्याम अवस्थी।** गाँव सूरौता में रोजगार कैम्प का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के निदेशक सचिन सूरौता एडवोकेट ने बताया कि इस कार्यक्रम में एसजी ग्रीन लॉजिस्टिक कम्पनी एवं विभिन्न बैंको जैसे आईसीआईसीआई, एचडीएफसी,एवं एक्सिस आईडीएफसी ने युवा छात्र छात्राओ के रोजगार हेतु साक्षात्कार लिये जिसमें करीब 30 छात्र छात्रा सफल हुऐ। इस अवसर पर मस्तिष्कशाला के डायरेक्टर हितेंद्र बेनीवाल ने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थीयों को अधिक से अधिक रोजगार दिलाना है। ग्रामीणों ने सचिन सूरौता का आभार जताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम ग्रामीणों के रोजगार की सराहनीय पहल है।इस अवसर पर चंचल,पूनम,मनीषा कुमारी,पूजा कुमारी,सीमा,कृष्णा, पार्वती,प्रीति, कन्हैया, मुकेश, भूपेन्द्र,रविन्द्र सिंह,पंकज,करिष्मा, भानू , प्रहलाद , अभिषेक इत्यादि विद्यार्थीयों ने साक्षात्कार दिये। इस दौरान सूरजमल, मांगीलाल, महावीर, ओमी, लख्मी, लवकुश , नवलसिंह , लेखा , गिल्ली इत्यादी ग्रामीण मौजूद रहे।



## राजस्थान दिवस पर श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भरतपुर, घनश्याम अवस्थी।

श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज, टैकनोलॉजी पार्क, सेवर में आज राजस्थान दिवस सप्ताह के अर्न्तगत 'राजस्थान को जानों विषय' पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाजसेवी हरिदत्त शर्मा ने द्वीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरिदत्त शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में रेनू बाला, बिन्दु, मुस्कान, रूचि, मोहिनी, राजेश्वरी, पूजा चर्तुवेदी, राज, वर्षा फौजदार, रितु, जस्सू, पवन, सोहन, श्याम, सचिन मीना आदि प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें राज ने प्रथम, राजेश्वरी द्वितीय एवं पूजा चर्तुवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने विजयी रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजू शर्मा, डॉ रेणु वशिष्ठ, डॉ. पूनम दीक्षित, डॉ. गौरवदीप करौला, डा. सरिता रानी, डा. कृपाल सिंह, डा. प्रतिमा देवी, मुस्कान सागर, सोम दत्त, अंजनी कुमार शुक्ला, श्यामधर, ममता कुमारी, डी.सी सैनी, डॉ. राजकमल दिवाकर, अशोक सिंह, राममोहन शर्मा, साक्षी चतुर्वेदी, हरिकेश सिंह, जीतेन्द्र कुमार, विनोद अवस्थिी, नेहा ओमार एवं गोपाल जी आदि गणमान्य उपस्थित रहे।




# शिविर में 487 रोगियों की जांच एवं 105 रोगियों के आपरेशन

## मुख्य अतिथि डा0 असित श्रीवास्तव, सीए अतुल मित्तल, अनुराग गर्ग का किया स्वागत

**भरतपुर, घनश्याम अवस्थी।** श्री अग्रवाल सभा भरतपुर एवं कल्याण करोति नेत्र संस्थान मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय अग्रवाल भवन खिरनी घाट भरतपुर में विशाल चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। समिति महामंत्री विनोद सिंघल ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के वरि0 उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. असित श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में भगवान अग्रसेन जी के विग्रह पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। अग्रवाल समिति प्राधिकारी अध्यक्ष एम.एल.मित्तल, मोहन मित्तल, महेश सर्राफ, संजय फार्मा, आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। शिविर को सम्बोधित करते हुए सीए अतुल मित्तल ने कहा कि आंख शरीर का महत्वपूर्ण अंग है निर्धन वर्ग के रोगी अस्पताल का भारी भरकम व्यय वहन नहीं कर पाते। उनके लिए ऐसे शिविर वरदान स्वरूप हैं। अनुराग गर्ग ने कहा कि नेत्र शिविर समाज सेवा का महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली माध्यम है जिससे वंचित वर्ग के लोग लाभान्वित होते हैं। भारत में अंधत्व का बहुत बडा कारण मोतियाविन्द है, समय पर इलाज न मिलने के कारण नेत्रों की रोशनी तक खो देते हैं। शिविर में कल्याण करोति नेत्र संस्थान मथुरा के डॉ. ओमवीर सिंह, डॉ. अलका एवं उनकी टीम के द्वारा 487 रोगियों के नेत्रों की आधुनिक उपकरणों से जांच की गई। जांच के उपरांत 105 मोतियाविन्द के रोगियों को आपरेशन के लिए चिंहित कर कल्याण करोति अस्पताल मथुरा जलपान एवं भोजन कराकर भेजा गया। सभी रोगियों को निशुल्क दवाई एवं चश्मा वितरित किये गये। शिविर में सुबह से ही दूरदराज के क्षेत्रों से रोगियों के आने का तांता लगा रहा। सभी रोगियों ने शिविर की सराहना की।

इस अवसर पर कपिल गुप्ता चश्मे वाले, विष्णु लोहिया, महेश सिंघल, अनिल गुप्ता, गोपालचंद सर्वेयर, राम अवतार कोठारी, प्रहलाद फर्नीचर, सुरेश बंसल, वेदप्रकाश मित्तल, गोविन्द मैदा वाले, सतीश मित्तल, प्रमोद दवाई वाले,संजय बंसल, विनोद मेडीकल, कृष्ण कुमार किस्सू, सुभाष गोयल ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।



# जवानी में बढ़ रहा नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर - डा0 कप्तान सिंह

## गलत आदतें जिम्मेदार, इन लक्षणों को न करें अनदेखां, हेल्दी लिवर के 8 टिप्स

भरतपुर, घनश्याम अवस्थी।

क्या आपका पूरा शरीर तो दुबला पतला है, लेकिन पेट पर चर्बी चढ़ रही है? गर्दन की मोटाई बढ़ रही है और हर वक्त थकान महसूस होती है? इसे हल्के में मत लीजिए। शरीर में हो रहे ये सारे बदलाव फैटी लिवर का संकेत हो सकते हैं। अब आप ये तर्क दे सकते हैं कि फैटी लिवर तो शराब पीने के कारण होता है और मैं एल्कोहल को हाथ भी नहीं लगाता तो इसका सीधा जवाब ये है कि फैटी लिवर सिर्फ शराब पीने के कारण नहीं होता। जंक फूड खाने, कोल्ड ड्रिंक पीने और एक जगह पर बैठे रहने जैसी रोजमर्रा की जिंदगी की छोटी-छोटी बुरी आदतें भी इस बीमारी को जन्म दे सकती हैं। उक्त जानकारी काली बगीची स्थित पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं वरिष्ठ फिजिशियन डा0 कप्तान सिंह ने इस पत्रकार को दी।

डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि फैटी लिवर डिजीज अब युवाओं को भी तेजी से अपनी चपेट में ले रही है। दुनिया की करीब 38 प्रतिशत आबादी फैटी लिवर से प्रभावित है, जिनमें लगभग 25 प्रतिशत लोग शराब नहीं पीते। भारत के 30-40 प्रतिशत लोग किसी-न-किसी स्तर की फैटी लिवर समस्या से जूझ रहे हैं।

**नॉन एल्कोहलिक लिवर डिजीज के लक्षण क्या होते हैं?**

**इससे बचने के उपाय क्या हैं?**

**सवाल- नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज क्या है?**



जवाब- डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज कंडीशन है, जिसमें लिवर में जरूरत से ज्यादा फैट जमा हो जाता है। इसमें व्यक्ति शराब नहीं पीता, फिर भी लिवर में फैट जमा हो जाता है। यह दुनिया की सबसे कॉमन क्रॉनिक लिवर डिजीज है। यह समस्या अक्सर मेटाबॉलिक गड़बड़ियों से जुड़ी होती है, जैसे- पेट के आसपास चर्बी होना, इंसुलिन रेजिस्टेंस, टाइप-2 डायबिटीज , हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल

**सवाल- एल्कोहलिक फैटी लिवर और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर में क्या अंतर है?**

जवाब- डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि एल्कोहलिक और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर दोनों में लिवर सेल्स में फैट जमा होता है, लेकिन दोनों की वजह अलग-अलग होती हैं। एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज यह समस्या शराब ज्यादा पीने से होती है। शराब लिवर के मेटाबॉलिज्म को नुकसान पहुंचाती है, जिससे शरीर फैट नहीं पचा पाता या बहुत धीरे पचाता है। यह फैट लिवर में जमा होने लगता है। नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज इसमें व्यक्ति शराब नहीं पीता, फिर भी लिवर में फैट जमा हो जाता है। इसकी मुख्य वजहें इस प्रकार हैं। मोटापा इंसुलिन रेजिस्टेंस टाइप-2 डायबिटीज हाई ट्राइग्लिसराइड्स लो फिजिकल एक्टिविटी अगर दोनों में से किसी भी कंडीशन को समय पर कंट्रोल न किया जाए, तो लिवर में इंफ्लेमेशन, फाइब्रोसिस और आगे चलकर सिरोसिस का खतरा बढ़ जाता है।

**सवाल- नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज के लक्षण क्या होते हैं?**

जवाब- डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज को 'साइलेंट डिजीज' भी कहते हैं। दरअसल, इसके लक्षण अक्सर शुरुआती दौर में नजर नहीं आते। लेकिन जैसे-जैसे समस्या बढ़ती है, शरीर कुछ संकेत देने लगता है, जिन्हें नजरअंदाज करना नुकसानदेह हो सकता है। नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज के लक्षण गंभीर होने पर 'सिरोसिस' का रिस्क हो सकता है। ऐसी कंडीशन में ये लक्षण दिख सकते हैं- शरीर अतिरिक्त पानी जमा करने लगता है। इंटरनल ब्लीडिंग हो सकती है। मसल्स कमजोर हो सकती हैं। कंफ्यूजन या याददाश्त में गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**सवाल- युवाओं में नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर का जोखिम क्यों बढ़ रहा है?**

जवाब- डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि इसकी सबसे बड़ी वजह लाइफस्टाइल है। आज जीवन में मेहनत कम है और खानपान की आदतें खराब हैं। युवा बाहर का खाना या पैकेज्ड फूड ज्यादा खाते हैं, जिसमें अनहेल्दी फैट, शुगर और कैलोरीज बहुत ज्यादा मात्रा में होती हैं।

**सवाल- कौन सी आदतें नॉनदूएल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज के खतरे को बढ़ाती हैं?**

जवाब- नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज अचानक नहीं होती, बल्कि यह हमारी रोज की कुछ गलत आदतों का नतीजा होती है। खान-पान से लेकर लाइफस्टाइल तक की कुछ खराब आदतें धीरे-धीरे फैटी लिवर का खतरा बढ़ा देती हैं।

**सवाल- नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर कैसे डाइग्नोज होता है? इसके लिए कौन से टेस्ट किए जाते हैं?**

जवाब- यह बीमारी कई बार रूटीन ब्लड टेस्ट या इमेजिंग जांच के दौरान सामने आती है। डॉक्टर बीमारी की पहचान के लिए कुछ खास टेस्ट करवाते हैं। इमेजिंग टेस्ट अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन या एमआरआई के जरिए लिवर में जमा फैट को देखा जा सकता है।

ब्लड टेस्ट ब्लड टेस्ट से यह पता लगाया जाता है कि लिवर सही तरीके से काम कर रहा है या नहीं।

लिवर बायोप्सीरूइस प्रक्रिया में डॉक्टर एक पतली सुई की मदद से लिवर से टिश्यू का छोटा सा सैंपल निकालते हैं, जिसे माइक्रोस्कोप से जांचा जाता है। इन सभी जांचों की रिपोर्ट्स के आधार पर डॉक्टर फैटी लिवर की कंडीशन और उसकी गंभीरता का आंकलन करते हैं।

**सवाल- क्या नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर को रिवर्स किया जा सकता है?**

जवाब- डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि हां, शुरुआती स्टेज में यह पूरी तरह रिवर्स हो सकता है। इसका सबसे प्रभावी इलाज लाइफस्टाइल में बदलाव है। वजन कम करके, हेल्दी डाइट लेकर और नियमित एक्सरसाइज करके लिवर से फैट कम किया जा सकता है।

**सवाल- अपने लिवर को हेल्दी रखने के लिए क्या करें?**

जवाब- डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि लिवर हमारे शरीर का सबसे मेहनती अंग है, जो डिटॉक्स से लेकर मेटाबॉलिज्म तक कई अहम काम करता है। अगर रोजमर्रा की जिंदगी में थोड़ी-सी सावधानी बरती जाए, तो लिवर को लंबे समय तक हेल्दी रखा जा सकता है और फैटी लिवर जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।

लिवर की सेहत को नजरअंदाज करना भविष्य में गंभीर बीमारियों को न्यौता दे सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम आज ही सतर्क हों, क्योंकि लिवर अगर स्वस्थ है, तो पूरा शरीर स्वस्थ है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने वादा निभाया, 332.72 लाख की लागत से बनेगी बोराज तालाब की पाल

## विधानसभा अध्यक्ष ने बोराज तालाब की क्षतिग्रस्त पाल के निर्माण एवं मरम्मत कार्य का किया शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर( मोहित जैन )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को वरुण सागर रोड स्थित बोराज तालाब की क्षतिग्रस्त पाल के निर्माण एवं मरम्मत कार्य का विधिवत शुभारम्भ किया। इस कार्य पर कुल 332.72 लाख रुपये की लागत आएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गत वर्ष हुई अतिवृष्टि के कारण बोराज तालाब की पाल क्षतिग्रस्त हो गई थी। इससे स्वास्तिक नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों से किए गए वादे के अनुरूप अब अजमेर विकास प्राधिकरण के माध्यम से इस पाल का पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। इससे आगामी मानसून में क्षेत्र में जलभराव या किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होगी तथा तालाब की संरचना भी सुरक्षित और मजबूत बन सकेगी।

श्री देवनानी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा बजट में अजमेर के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। इनमें सर्किट हाउस में बड़े कॉन्फ्रेंस हॉल, वीआईपी सूट सहित आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए लगभग 16 करोड़ रुपये, नगर निगम क्षेत्र के ग्राम हाथीखेड़ा-बोराज में पेयजल व्यवस्था के लिए 28 करोड़ रुपये, राजस्व मंडल के नवीन भवन के निर्माण के लिए 150 करोड़ रुपये, शहर के ड्रेनेज सिस्टम को सुदृढ़ करने के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये तथा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 100 करोड़ रुपये की स्वीकृति शामिल है। इसके साथ ही पुष्कर घाटी मार्ग के लगभग 6 किलोमीटर चौड़ीकरण, तारागढ़ किले को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए लगभग 20 करोड़ रुपये की स्वीकृति, स्वामी विवेकानन्द स्मारक पर आध्यात्मिक केन्द्र की स्थापना, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय में महर्षि दयानन्द सरस्वती पैनोरमा निर्माण तथा चामुण्डा माता मंदिर तक यात्री रोप-वे की डीपीआर तैयार कराने जैसे कार्य भी प्रस्तावित हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में अब तक 110 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सड़कों का निर्माण कराया जा चुका है और यह कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि सड़कों के साथ नालियों और नालों का समुचित निर्माण भी उतना ही आवश्यक है। इसके लिए क्षेत्र में लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न नालों के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

बोराज तालाब की पाल के पुनर्निर्माण कार्य के शुभारम्भ से उत्साहित नवकर नगर, स्वास्तिक नगर सहित आसपास के क्षेत्र के निवासियों ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर तारा सिंह, लाल सिंह, गुलाब सिंह, विक्रम सिंह, शमशेर सिंह, सुभाष जाटव, सूरज रावत, शंभू सिंह, नारायण सिंह, भीम सिंह, अनिल बंसल, हरि सिंह, शंकर सिंह रावत सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# झालरापाटन में नवकार रथ का भव्य मंगल प्रवेश



बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन ( नि.स. )।** जीतो संस्था की ओर से आयोजित प्रदेश भर में भ्रमण कर रहे और णमोकार महामंत्र की प्रभावना बढ़ा रहे नवकार रथ का प्रवेश झालरापाटन में हुआ जिसमें गिंदौर गेट से प्रवेश करते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ शांतिनाथ मंदिर पहुंचा, जिसमें दिगंबर जैन समाज एवं श्वेताम्बर जैन समाज के महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जीतो संस्था के झालावाड़ जिला कन्वेनर एडवोकेट कविम जैन ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य णमोकार महामंत्र की प्रभावना को फैलाना एवं विश्व में शांति सामंजस और स्वार्थ की भावना को मजबूत करना है, जीतो संस्था के विपिन धूपिया ने बताया कि इस पहल के तहत देश भर में विभिन्न तीन रथ अलग-अलग भ्रमण कर रहे हैं जो विभिन्न स्थानों पर जा रहे हैं, कार्यक्रम में जीतो संस्था की ओर से कमल सोनी, पायल जैन, अविरल जैन समन जैन, मीत सकलेचा तथा मुकेश चेलावत, जैन समाज के अध्यक्ष कमल अजमेरा, जेसवाल जैन समाज के अध्यक्ष यशवंत जेसवाल समाज के ट्रस्टी राजेंद्र बागड़िया, नलिन लुहाड़िया, णमोकार महिला मंडल की अध्यक्ष विनीता जैन तथा शांति कुमार भंडारी अध्यक्ष वर्धमान जैन स्थानकवासी श्रावक संघ, विपिन धूपिया अध्यक्ष जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप झालरापाटन एवं लघु उद्योग भारती झालरापाटन इकाई, पारस जी जैन सचिव स्थानकवासी श्रावक संघ राकेश जैन, विनय सालेचा, राजीव जैन, गौतम मेहता, दिनेश चौरडिया, पंकज चौरडिया, संजय बाफना, सुलेश भंडारी सौरभ जैन अभिषेक जैन, नितिन जैन, कीर्ति भंडारी, यश भंडारी, विशाल बाफना, मनोज जैन, अंकित जैन तथा समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी गण एवं समाज बंधुओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, णमोकार रथ की प्रथम आरती करने का सौभाग्य शिखर कुमार, अशोक कुमार चांदवाड़ परिवार को मिला, जीतो संस्था के पदाधिकारीगण ने बताया कि 9 अप्रैल को विश्व नवकार दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

# 'अपनों से अपनों के संग' होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** आजाद नगर सेक्टर-आई स्थित विद्यापति गार्डन में पूर्वांचल जन चेतना समिति द्वारा आयोजित 'अपनों से अपनों के संग' होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्वांचल संस्कृति और राजस्थानी परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला। समारोह की शुरुआत गुलाल तिलक और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देकर की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद की पूर्व सभापति मधु जाजू ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समिति की अध्यक्ष अर्चना दुबे समाज के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही हैं, जिससे उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बड़ी संख्या में पूर्वांचल समाज की उपस्थिति को शहर में एकता का सकारात्मक संदेश बताया। इस अवसर पर अध्यक्ष अर्चना दुबे सहित मधु श्रीवास्तव, आरती देवी, सुनीता प्रजापत, विवाह देवी, काजल देवी और पूनम देवी ने मुख्य अतिथि का शॉल, दुपट्टा और साफा पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। महिला चेयर रेस में माया देवी, पुरुष वर्ग में मनोज कुमार यादव और बाल वर्ग में खुशी कुमारी विजेता रहे। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा रस्साकशी, नृत्य और फुटबॉल प्रतियोगिताओं ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।

महिलाओं द्वारा प्रस्तुत फाग गीत और भजनों ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जितेंद्र झा, राजदेव, अशोक मिश्रा, महेंद्र झा, सुनील सिंह, मनोज कुमार यादव, सुरेश शर्मा, गोपाल लड्ढा, घनश्याम सिंधी, विक्की शर्मा, हेमु झा, शुभचंद झा, रमेश चंद्र, शैलेश मिश्रा, कमलकांत झा, रमेश पाठक, शिवांश दुबे, संतोष मिश्रा, संतोष झा, सूरज मिश्रा, संजीत झा, शैलेंद्र चौधरी, मुरारी झा, बबलू मिश्रा, अजय तिवारी, महेश दुबे, सुनील बोहरा, आदित्य दुबे सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में नई जिम्मेदारी : एडवोकेट सुलक्षणा शर्मा चित्तौड़गढ़ की प्रभारी नियुक्त

### राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देशन व प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के आदेश पर नियुक्ति, कांग्रेसजनों ने दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** राजस्थान में महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देशन पर राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सारिका सिंह के आदेशानुसार प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस एडवोकेट सुलक्षणा शर्मा को चित्तौड़गढ़ जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है यह जिम्मेदारी उन्हें कांग्रेस पार्टी के प्रति उनकी सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और प्रदेश भर में महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने व सशक्त भागीदारी के लिए प्रेरित करने में उनके कुशल नेतृत्व को देखते हुए सौंपी गई है। संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका और कार्यशैली को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए यह नई जिम्मेदारी दी है गौरतलब है कि एडवोकेट सुलक्षणा शर्मा पहले से ही उदयपुर देहात क्षेत्र की प्रभारी के रूप में संगठनात्मक जिम्मेदारी निभा रही हैं और वहां भी महिला कांग्रेस को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

चित्तौड़गढ़ की प्रभारी नियुक्त होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है। समस्त कांग्रेसजनों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में महिला कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा महिलाओं की भागीदारी में नई ऊर्जा का संचार होगा।

# युवा शक्ति का सम्मान : अंबेडकर भवन में नवचयनित कार्मिकों का उत्साहवर्धन

### राजस्थान युवा शक्ति दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण, विभिन्न विभागों के सैकड़ों नवचयनित अभ्यर्थी हुए शामिल

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** राजस्थान युवा शक्ति दिवस-2026 के अवसर पर मंगलवार को अंबेडकर भवन, ब्यावर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने नवचयनित कार्मिकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के सैकड़ों नवचयनित अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इनमें स्वास्थ्य विभाग के एएनएम, पशुपालन विभाग के एलएसए व वेटरनरी डॉक्टर, राजस्व विभाग के पटवारी, शिक्षा विभाग के नवचयनित अभ्यर्थी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के हॉस्टल अधीक्षक, नगर परिषद के जूनियर इंस्ट्रक्टर, कृषि विभाग के कृषि पर्यवेक्षक, खनिज विभाग के जियोलॉजिस्ट तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सूचना सहायक शामिल रहे। समारोह में अधिकारियों ने नवचयनित कार्मिकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवाओं की ऊर्जा और समर्पण से ही प्रदेश के विकास को नई गति मिलती है।

इस अवसर पर कई प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# अजमेर मंडल ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में स्थापित किए नए आयाम

### लाखों की राजस्व बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** भारतीय रेलवे के पर्यावरण-अनुकूल और 'नेट जीरो कार्बन एमिशन' के लक्ष्य की दिशा में अजमेर मंडल निरंतर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर रहा है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए प्रभावी कार्यों के चलते मंडल न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, बल्कि राजस्व की भी भारी बचत सुनिश्चित कर रहा है। मंडल रेल प्रबंधक अजमेर राजू भूतड़ा के अनुसार अजमेर मंडल पर अब तक कुल 4476 केडब्लूपी क्षमता के सोलर पैनल सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं। इन सौर संयंत्रों के माध्यम से मंडल ने न केवल कार्बन उत्सर्जन में कमी की है, बल्कि वित्तीय मोर्चे पर भी बड़ी सफलता हासिल की है। रेल राजस्व की बचत के अंतर्गत सौर ऊर्जा के उपयोग से अजमेर मंडल को वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 80.05 लाख रुपये की बचत हुई है। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस बचत का आंकड़ा और बढ़कर 89.57 लाख रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

भविष्य की योजनाओं के अंतर्गत मंडल पर सौर ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए वर्तमान में 2.5 एमडब्लूपी अतिरिक्त क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के पूर्ण होने से मंडल की सौर ऊर्जा क्षमता में भारी वृद्धि होगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बिजली बिलों में भी और अधिक कटौती संभव होगी।

# सुरक्षित भोजन ही स्वस्थ जीवन की कुंजी : गीता रिजॉर्ट में फूड सेफ्टी पर विशेष प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षित खाद्य प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से देलवाड़ा रोड स्थित गीता रिजॉर्ट में मंगलवार को फूड सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में फूड हैंडलर्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिड-डे-मील से जुड़े कार्मिक, स्ट्रीट वेंडर्स, होटल-रेस्तरां के शेफ तथा खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले अन्य कारीगरों ने भाग लेकर सुरक्षित भोजन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा के प्रति आमजन और खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों में जागरूकता बढ़ाना है, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा सके प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, उपभोक्ता जागरूकता तथा खाद्य सुरक्षा से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई। जयपुर से आए मास्टर ट्रेनर ने सुरक्षित भोजन, स्वच्छता मानकों और खाद्य प्रबंधन से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर प्रशिक्षण देते हुए बताया कि साफ-सफाई, सही तापमान पर भंडारण और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे सुरक्षित और स्वच्छ भोजन की आदतों को अपनाएं तथा आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करें। व्यापारी प्रतिनिधि संजय घीया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

# राजस्थान दिवस पखवाड़े के अंतर्गत जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( मोहित जैन )।** राजस्थान दिवस पखवाड़े के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज के सभागार में राजस्थान दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में राजस्थान की धरोहर एवं संस्कृति को दर्शाते हुए गीत, संगीत, कालबेलिया नृत्य, कविता पाठ आदि की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने सभी को राजस्थान की रंगीली संस्कृति से सराबोर कर दिया तथा वीर भूमि राजस्थान के वीर सपूतों को स्मरण किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेंद्र खन्ना, विभागाध्यक्ष (पीएसएम) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राधानाचार्य महोदय डॉ. अनिल सांवरिया जी रहे। विशिष्ट अतिथियों में अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. सुनील माथुर जी, डॉ. हेमेश हर्षवर्धन, डॉक्टर मनीराम कुमार, डॉ. दीपा, डॉ. गरिमा तथा वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. रंजना, डॉ. आभा भारद्वाज, डॉ. एम.पी. शर्मा, डॉ. श्याम भूतरा, डॉ. पूनम जी, डॉ. दीप्ति डॉ मीना शर्मा, डॉ. लोकेश अग्रवाल, डॉक्टर लोकेश, डॉक्टर भैरव लाल जाट आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी संकाय सदस्य, स्वास्थ्यकर्मी एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. महेश मेहता जी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# झालावाड़ में सफाई कर्मचारी हड़ताल पर,कई माह से वेतन न मिलने से कामकाज ठप्प,सफाई व्यवस्था बिगड़ी

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** झालावाड़ नगर परिषद में भ्रष्टाचार का साम्राज्य है। सूत्र बताते कई फाइलें गायब है , जिसमे अवैध निर्माण के चलते अधिकारीयो व कर्मचारियों के हाथ पैर फंसने की संभावनाए थी । कब कैसे और किसने गायब की यह जांच का विषय है , लेकिन आयतित नेता व आयुक्त की भूमिका संदेहास्पद है। जो झालावाड़ की जनता के गले नहीं उतर रहै है। पूर्व सभापति फरार है, ए सी बी कब शिकार कर लें कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन बताते हैं सब कुछ एक षडयत्र का हिस्सा है जिसमें षड्यंत्र कारी ताकतें सभापति शुक्ला को फसाने में कामयाब हुई ताकी जमीनी भाजपाई का वर्चस्व समाप्त कर मौके का लाभ उठाया जा सके। चर्चा है आयुक्त की योग्यता पर भी सवाल उठ रहे हैं दुसरी बार सभापति के पद पर आसीन होना तथा इनाम में झालरापाटन नगरपालिका में ईओ का पद का चार्ज मिलना भी तथा खासकर भू माफियाओ में सम्पर्क रहना निश्चित रूप से कोई बड़ा स्कैम खैला जा रहा है। जिसका आने वाले दिनों में राजफाश होगा। हमारे संवाददाता ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत् सर्विस बुक में संलग्न सभी दस्तावेज जो सरकारी दस्तावेज है तथा परिक्षा व डीग्री की छाया प्रतियां मांगी है। फिलहाल स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के लोक सूचना अधिकारी ने नीजी सूचना बताया है जबकि नीजी सूचना में आधार कार्ड व बैंक की डिटेल आती है। शेष सभी दस्तावेज सरकारी होते हैं। प्रथम अपील शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग को दी है खैर आज नहीं तो कल मिलेगी । न तो सब बिकाऊं है न हर कोई खरीददार है। नगर परिषद में इसका असर दिखने लगा है। जिसके चलते नगर परिषद के सफाई कर्मचारी ने मंगलवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। पिछले कई माह से वेतन न मिलने के कारण उन्होंने कामकाज ठप्प कर दिया है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। नाराज कर्मचारी सुबह करीब 10 बजे नगर परिषद कार्यालय के सामने एकत्रित हुए। उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का आरोप है कि वे वेतन की मांग को लेकर कई बार परिषद के आयुक्त से मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि, उन्हें न तो अब तक वेतन मिला है और न ही अधिकारियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब दिया गया है। सफाई कर्मचारियों के अचानक हड़ताल पर चले जाने के कारण झालावाड़ शहर में सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से गड़बड़ा गई है। इसमें खास बात यह रही है पहली बार साठिया समाज के लोग भी धरने पर बैठे कर मांग कर रहे हैं।

# एसडी कॉलेज में 'राजस्थान को जानो' प्रश्नोत्तरी आयोजित, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

### राजस्थान दिवस की गतिविधियों के तहत आयोजित प्रतियोगिता में अनिल सिंह प्रथम, उज्जवल सरावगी द्वितीय व निश्चय कच्छावा तृतीय स्थान पर रहे



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गतिविधियों के क्रम में जिले के नोडल महाविद्यालय एसडी राजकीय महाविद्यालय ब्यावर में मंगलवार को 'राजस्थान को जानो' प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा ने बताया कि जिले के सभी महाविद्यालयों में एक साथ यह प्रश्नोत्तरी आयोजित करवाई गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. एम.आर. देवड़ा ने विद्यार्थियों से राजस्थान के सामान्य ज्ञान, कला-संस्कृति, भूगोल, इतिहास और अर्थशास्त्र से जुड़े प्रश्न पूछे।

प्रतियोगिता में अनिल सिंह ने प्रथम, उज्जवल सरावगी ने द्वितीय तथा निश्चय कच्छावा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राजेश शर्मा और डॉ. गुमान सिंह गहलोत ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भारत, अमेरिका सहित कई देशों से एलपीजी आयात कर रहा; देश में आपूर्ति सामान्य : केंद्र

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार की ओर से मंगलवार को कहा गया कि भारत ने अमेरिका सहित कई देशों से एलपीजी को आयात करना शुरू कर दिया है। साथ ही बताया कि देश में आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर से गैस खत्म होने की रिपोर्ट नहीं मिली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की विपणन एवं तेल रिफाइनरी संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया कि अधिकांश एलपीजी खाड़ी देशों से आ रही है। शर्मा ने कहा, हमारी तेल कंपनियों ने अमेरिका से एलपीजी लेना शुरू कर दिया है। सरकार एलपीजी के स्रोतों में विविधता लाने के लिए भी हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने आगे कहा, विविधीकरण बढ़ने के कारण आज हमें अधिक कच्चा तेल मिल रहा है। राज्यों द्वारा वितरण कार्य फिर से शुरू करने के साथ ही वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति भी आंशिक रूप से बहाल हो गई है। घरेलू एलपीजी की मांग पर दबाव कम करने के लिए केरोसिन और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग भी शुरू कर दिया गया है।

शर्मा ने बताया कि घबराहट के कारण बढ़ी मांग में कमी आ रही है और बुकिंग में गिरावट देखी जा रही है। 13 मार्च को 89 लाख बुकिंग दर्ज की गई थीं, जो आज घटकर 70 लाख रह गई हैं। उन्होंने कहा कि एलपीजी रिफिल वितरण दर संघर्ष से पहले जैसी ही है और उन्होंने उपभोक्ताओं से जमाखोरी और कालाबाजारी से खरीददारी से बचने का आग्रह किया।

# राहुल गांधी के खिलाफ 204 रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स-सैन्य अधिकारियों का लेटर

## लिखा- संसद परिसर में आचरण नियमों के खिलाफ, देश से माफी मांगें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 204 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी, [illegible] और वकीलों ने राहुल गांधी को ओपन लेटर लिखकर देश से माफी मांगने को कहा है। उन्होंने लिखा कि 12 मार्च को संसद परिसर में किया गया विरोध संसदीय नियमों और संसद की गरिमा के खिलाफ था। ओपन लेटर में कहा गया कि संसद परिसर में प्रदर्शन या विरोध न करने को लेकर स्पीकर की ओर से पहले ही निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध किया। लेटर में आगे कहा कि राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध करते दिखाई दिए। यह संसदीय अधिकार और संसद की मर्यादा की अनदेखी है। संसद की सीढ़ियां राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं हैं। दरअसल, 12 मार्च को विपक्ष ने एलपीजी संकट को लेकर सकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस दौरान राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठे दिखाई दिए। वे वहां चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध कर रहे थे।

# आरजीएचएस में दवाई की फर्जी पर्चियों पर रोक लगेगी

## पीएचसी, सीएचसी में भी आने वाले आरजीएचएस लाभार्थी का डेटा होगा स्टोर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान गर्वमेंट हेल्थ स्कीम में लगातार मिल रही गड़बड़ी को देखते हुए राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी ने इसे इंट्रीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम से प्रदेश के हर सरकारी हॉस्पिटल जोड़ने का निर्णय किया है। अभी ये सिस्टम प्रदेश के कुछ बड़े हॉस्पिटल में ही जुड़ा है। इसके पीछे कारण पीएचसी, सीएचसी, जिला हॉस्पिटल, सेटेलाइट या मेडिकल कॉलेजों से अटैच हॉस्पिटलों की पर्चियों से दवाइयों की खरीद और जांचों में की गड़बड़ी को रोकना है।

राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के सीईओ हरजी लाल अटल ने हाल ही में एक पत्र सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को लिखा है, जिसमें प्रदेश के हर सरकारी हॉस्पिटल में इन दोनों पोर्टल को इंटीग्रेटेड (मर्ज) करने के लिए कहा है।

सीईओ ने इस पत्र में बताया- अभी कई ऐसे केस आते है, जिसमें आरजीएचएस लाभार्थी मरीज सरकारी हॉस्पिटल में जाकर ओपीडी में डॉक्टर को दिखाता है। उस पर्ची पर लिखी दवाइयां, जांच हॉस्पिटल में फ्री प्राप्त कर लेता है। जबकि आरजीएचएस में ओपीडी के तहत इन जांचों और दवाइयों के लिए कैशलेस योजना का प्रावधान है।

# ईरान-इजराइल युद्ध में राजस्थान के एक और युवक की मौत

## धमाके से पहले ग्रुप वीडियो कॉल पर घरवालों से बात की थी, शव गांव पहुंचा



बढ़ता राजस्थान

**खंडेला (सीकर)।** ईरान-अमेरिका, इजराइल युद्ध में राजस्थान के एक और बेटे की मौत हो गई। ओमान में हुए ड्रोन हमले का शिकार सीकर जिले के विक्रम वर्मा (22) हुए हैं। वह खंडेला के अगलोई गांव के रहने वाले थे। यह घटना 14 मार्च की है। आज (मंगलवार) शव गांव पहुंचा। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। मौत से एक दिन पहले ही उन्होंने अपने परिवार वालों से ग्रुप वीडियो कॉल पर बात की थी। उधर, 1 मार्च को नागौर जिले के दलीप की मिसाइल अटैक में मौत हो गई। दलीप क्रूड ऑयल कंपनी के शिप पर जॉब करता था। 4 मार्च को इसकी जानकारी परिवार वालों को मिली थी।

### 23 फरवरी को ओमान गया था

विक्रम वर्मा 23 फरवरी को मजदूरी के लिए ओमान गया था। वहां एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में सड़क बनाने का काम कर रहा था। हमले से पहले विक्रम ने अपनी मां, मामा, मौसी और बहन से ग्रुप वीडियो कॉल किया था। बात करते समय विक्रम ने कहा था- अच्छी तरह से हूं। खाना समय पर मिलता है और काम भी अच्छा है। इस दौरान विक्रम ने वहां के हालात पर चिंता जताई थी।

# राजस्थान में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट

## दिनभर छाए रहे बादल, तापमान में गिरावट, फिर बदलेगा मौसम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राज्य में 17 मार्च को मौसम साफ रहने और 18 मार्च से एक स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने की संभावना जताई है। इस सिस्टम का असर 20 मार्च तक रहने की संभावना है।

इसके असर से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाने के साथ हल्की बारिश, आंधी और कुछ जगहों पर ओले गिरने की संभावना जताई है। 18 मार्च को कुल 8 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राजस्थान में दो दिन बारिश और ओले गिरने के बाद गर्मी कम हो गई है। सोमवार को राज्य के कुछ शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य के नीचे दर्ज हुआ। रात में भी ठंडक बढ़ने से कुछ शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ।

### बादल छाए, हवा भी चली

सोमवार को प्रदेश पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में हल्के बादल छाए। बीकानेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर, बाड़मेर में हल्के बादल छाने से दिन में धूप कमजोर रही और हल्की हवा चली। श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान गिरकर 27.7 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं, हनुमानगढ़ में अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री, चूरू, बीकानेर में 32.8 डिग्री, जैसलमेर-उदयपुर में 34.8 डिग्री, बाड़मेर-चित्तौड़गढ़ में 38.6 डिग्री, जालोर में 35.5 डिग्री, सिरोही में 33.4 डिग्री, जोधपुर में 36 डिग्री, फलोदी में 37.6 डिग्री और कोटा में 36.3 डिग्री दर्ज हुआ। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हुआ, जबकि चूरू, बीकानेर, उदयपुर में सामान्य के आसपास रहा।


### रात का पारा 20 डिग्री से नीचे आया, ठंडक बढ़ी

बारिश का असर न्यूनतम तापमान पर दिखा। कई शहरों में सोमवार को न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा ठंडक फतेहपुर में रही, जहां न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री दर्ज हुआ। 5 शहरों में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री से नीचे रहा। इनमें नागौर में 13.2 डिग्री, गंगानगर में 14 डिग्री, अलवर में 15.2 डिग्री, बारां में 15.3 डिग्री, सीकर में 15.5 डिग्री, चूरू में 15.9 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। इसके अलावा भीलवाड़ा में 16 डिग्री, वनस्थली (टोंक), झुंझुनूं में 16.6 डिग्री, पिलानी (झुंझुनूं) में 16.4 डिग्री, दौसा में 16.7 डिग्री, करौली में 16.5 डिग्री, हनुमानगढ़ में 16.3 डिग्री, जोधपुर में 16.9 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 17.4 डिग्री, उदयपुर में 17.8 डिग्री और जैसलमेर में 18.5 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ।



# जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्रकुमार सोनी को साहित्य अकादमी पुरस्कार

## राजस्थानी कहानी संग्रह 'भरखमा' के लिए मिलेगा सम्मान




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** साहित्य अकादमी ने 2025 के वार्षिक साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा करते हुए राजस्थानी साहित्य के लिए डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को उनके कहानी संग्रह 'भरखमा' के लिए सम्मानित करने की घोषणा की है। वहीं हिंदी की वरिष्ठ साहित्यकार ममता कालिया को उनके संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह घोषणा 16 मार्च 2026 को की गई। पुरस्कार विजेताओं को 31 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। जितेन्द्र सोनी ने कहा कि जिस मिट्टी में मैं पला-बढ़ा, जिसकी भाषा की मिठास ने मेरे कानों में मिश्री घोल दी, जिस भाषा का इतना समृद्ध इतिहास, व्याकरण, शब्दकोश और साहित्य का भंडार है। उसी राजस्थानी भाषा में लिखी मेरी पुस्तक पर मिला यह पुरस्कार मैं उन सभी लोगों को समर्पित करता हूं, जिनसे मैंने राजस्थानी भाषा का ककहरा सीखा।

उन्होंने कहा कि आइए, हम सब अपनी भाषा को सम्मान दें। हमारी भाषा व्यवहार और व्यापार की भाषा बनी रहे। दुनिया की अन्य भाषाओं की तरह हमारी भाषा की प्रतिष्ठा भी दिन-दूनी, रात-चौगुनी बढ़ती रहे, यही कामना रहेगी।

जयपुर के जिला कलेक्टर के रूप में कार्यरत डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी होने के साथ-साथ एक संवेदनशील साहित्यकार भी हैं। उनका कहानी संग्रह 'भरखमा' ग्रामीण परिवेश, जीवन के संघर्षों और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है। इस कृति में आम जनजीवन की पीड़ा, संवेदनाएं और सामाजिक यथार्थ को जीवंत रूप में उकेरा गया है, जिसने पाठकों और समीक्षकों दोनों का ध्यान आकर्षित किया।

# जयपुर एयरपोर्ट से अहमदाबाद और दिल्ली जाने वाली फ्लाइट कैंसिल

## चंडीगढ़ जाने वाली फ्लाइट री-शेड्यूल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रनवे से जुड़ा नोटम से लागू हो गया है। इस कारण फ्लाइट्स के संचालन पर आंशिक प्रभाव पड़ा है। अहमदाबाद और दिल्ली जाने वाली दो नियमित फ्लाइट को अस्थाई रूप से कैंसिल कर दिया गया है। वहीं कुछ फ्लाइट्स के समय और फ्रिक्वेंसी में बदलाव किया गया है। एयरपोर्ट पर नोटम 17 मार्च से 23 मार्च के बीच दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इस दौरान रख-रखाव और संचालन से जुड़े आवश्यक कामकाज को किया जाएगा।

### अहमदाबाद और दिल्ली जाने वाली फ्लाइट्स कैंसिल

जयपुर एयरपोर्ट पर आज दोपहर 1 बजे से लागू होने वाले रनवे नोटम के कारण इंडिगो एयरलाइंस की अहमदाबाद और दिल्ली जाने वाली दो नियमित फ्लाइट को अस्थाई रूप से कैंसिल किया गया है।

1- जयपुर से अहमदाबाद- दोपहर 1 बजकर 25 मिनट पर जयपुर से अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट 6ई-7031 को 17 मार्च से 23 मार्च तक के लिए कैंसिल कर दिया गया है। यह फ्लाइट अब 24 मार्च से अपने तय समय पर फिर से संचालित होगी।

2- जयपुर से दिल्ली- इसी तरह दोपहर 1 बजकर 55 मिनट पर जयपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट 6ई-5096 भी इसी अवधि (17 मार्च से 23 मार्च)के लिए कैंसिल किया गया है। 24 मार्च से इन दोनों फ्लाइट का वापस संचालन किया जाएगा।

# सीजेआई का सुझाव-फैमिली कोर्ट में वकील-जज काले चोंगे न पहनें

## जज, वकील और पुलिस को भी यूनिफॉर्म में नहीं आना चाहिए, इससे बच्चे डरते हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि यह बहुत जरूरी है कि फैमिली कोर्ट बच्चों के मन से मनोवैज्ञानिक डर को खत्म करें। इसके लिए कोर्ट के पारंपरिक कामकाज में कुछ बदलाव किए जाएं। उन्होंने पूछा कि क्या फैमिली कोर्ट में काले चोंगे होने चाहिए?

सीजेआई ने कहा कि जब हम फैमिली कोर्ट के लिए एक नई सोच और अवधारणा बना रहे हैं तो क्या इससे बच्चे के मन में कोई मनोवैज्ञानिक डर पैदा नहीं होगा?

उन्होंने सुझाव दिया कि फैमिली कोर्ट में पीठासीन जज और वकील यूनिफॉर्म में नहीं आने चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने ये बातें दिल्ली के रोहिणी में एक फैमिली कोर्ट की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में कहीं।

उन्होंने कहा कि फैमिली कोर्ट में आप सभी के लिए हमारे पीठासीन अधिकारी कोर्ट की पोशाक में नहीं बैठेंगे। बार के सदस्य भी काले और सफेद चोंगे में नहीं आएंगे। पुलिस अधिकारी भी वर्दी में नहीं आएंगे, क्योंकि यह पूरा माहौल बच्चों के मन में डर पैदा करता है, खासकर तब जब वे किसी भी व्यवस्था के सबसे ज्यादा पीड़ित होते हैं।

### जस्टिस सूर्यकांत के 4 पॉइंट

हर कोई कोर्ट आना नहीं चाहता। जब हम सुधारों की बात करते हैं और जब हम फैमिली कोर्ट की अवधारणा को विवादों को सुलझाने के एक मंच के रूप में देखते हैं तो यह सिविल संपत्ति विवादों जैसा मामला नहीं है।

फैमिली कोर्ट का मकसद मानवीय रिश्तों को सुधारना, उन पर विचार करना और उन्हें ठीक करना है। क्या हम इन्हें पारिवारिक समाधान केंद्र नहीं कह सकते?

फैमिली कोर्ट में अन्य कोर्ट के मुकाबले ज्यादातर मुकदमों और विवादों के विपरीत दूर के पक्षों या बेजान संस्थाओं के बीच के नहीं होते। ये मामले परिवारों के भीतर से ही आते हैं।

फैमिली कोर्ट के सामने आने वाले विवादों के भारी भावनात्मक, सामाजिक और वित्तीय परिणाम होते हैं जो तात्कालिक कानूनी विवाद से कहीं आगे तक जाते हैं।



### कार्यक्रम में दिल्ली सीएम, सुप्रीम कोर्ट के अन्य जज भी शामिल

इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस मनमोहन ने कहा कि दिल्ली में, जिला कोर्ट को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, वे तीन प्रकार की हैं। बजट, कर्मचारी और जगह। उन्होंने कहा कि जगह का अर्थ है अदालत के कमरे। साथ ही रहने की व्यवस्था (आवासीय आवास) की भी चुनौतियां हैं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने भी इस कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

# पीएम मोदी से एकनाथ शिंदे ने की मुलाकात

## विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से की बात



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। दोनों नेताओं ने ईरान-इजरायल युद्ध, घरेलू हालात और महाराष्ट्र के अलग-अलग मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की। इस दौरान शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे, नरेश म्हस्के, मिलिंद देवड़ा, धैर्यशील माने, श्रीरंग बारणे और रवींद्र वायकर मौजूद रहे।एकनाथ शिंदे ने भरोसा दिलाया कि युद्ध जैसे हालात में 'एनडीए' की सहयोगी के तौर पर शिवसेना, पीएम के स्टैंड का सपोर्ट करती है और हम देश के साथ हैं। इस मीटिंग के बाद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने मीडिया से बातचीत की।

**विपक्ष के नेता पर भारत में झूठा प्रोपेगेंडा फैलाकर राजनीति करने का लगाया आरोप** - डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर खाड़ी देशों में युद्ध जैसे हालात के दौरान भारत में झूठा प्रोपेगेंडा फैलाकर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग हेडलाइन बनाने के लिए पाकिस्तान की बात करते हैं। बालासाहेब के लिए देश पहले था और राजनीति बाद में।

आज हम बालासाहेब के विचारों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ राज्य में विकास के कामों और अलग-अलग मुद्दों पर हुई बातचीत उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि युद्ध के कारण कुवैत, दुबई, मस्कट में फंसे महाराष्ट्र के नागरिकों को मुंबई और पुणे सुरक्षित वापस लाया गया। उन्होंने कोविड के बाद से खाड़ी देशों के साथ बने अच्छे रिश्तों की वजह से होर्मुज स्ट्रेट से दो जहाजों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के साथ राज्य में विकास के कामों और अलग-अलग मुद्दों पर बातचीत हुई।

# बंगाल में ममता ने 74 विधायकों के टिकट काटे

## ममता-सुवेंदु भबानीपुर में भिड़ेंगे, भाजपा नेता ने पिछली बार नंदीग्राम में सीएम को हराया था

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता/तिरुवनंतपुरम/चेन्नई।** तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की कुल 294 सीटों में से 291 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। बाकी 3 सीटें सहयोगी बीजीपीएम को दी हैं। ममता ने 74 विधायकों (करीब एक तिहाई) के टिकट काट दिए हैं। 15 विधायकों की सीटें बदली गई हैं।

ममता बनर्जी भबानीपुर से चुनाव लड़ेंगी। उनका मुकाबला भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी से होगा। 2021 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में सुवेंदु ने ममता को नंदीग्राम सीट पर हरा दिया था।

ममता ने लिस्ट जारी करते हुए कहा कि मैं बीजेपी से कहना चाहती हूं कि आप डर क्यों रहे हैं। अगर लड़ना है तो गैस संकट पैदा मत कीजिए। मैदान में आकर सही तरीके से मुकाबला कीजिए।

### टीएमसी ने सेलिब्रिटी चेहरों से दूरी बनाई, 52 महिलाएं उम्मीदवार

ममता ने सेलिब्रिटी चेहरों से दूरी बनाई। जमीनी नेता और कार्यकर्ताओं पर ज्यादा भरोसा जताया। 2021 में 15 सेलिब्रिटी को टिकट दिया था। इस बार 2 सेलिब्रिटीज को टिकट मिला है। - लिस्ट में 52 महिलाएं हैं। 47 उम्मीदवार अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। - 40 साल से कम उम्र के 42 उम्मीदवारों को टिकट मिला। - लिस्ट में 95 कैंडिडेट्स स्ष्ट/स्ञ्ज कैंडिडेंट्स हैं।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक, 400 की मौत, 250 घायल

बढ़ता राजस्थान

**काबुल।** पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया।

### हमले से 2000 बेड वाले हॉस्पिटल को भारी नुकसान

अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है। मीडिया की टीमें जब वहां पहुंची तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में तब भी आग लगी हुई थी। करीब 30 से ज्यादा शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाले जा रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वहां बहुत ज्यादा मरीज थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है।

### अफगान क्रिकेटर राशिद खान ने यूएन से जांच की मांग की

अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान ने पाकिस्तानी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा काबुल में हाल ही में हुए हवाई हमलों से लोग दुखी हैं। इन हमलों में कई आम लोगों की जान चली गई। कुछ हमले घरों, स्कूलों और अस्पतालों के आसपास भी हुए। आम लोगों के इलाकों पर हमला करना अंतरराष्ट्रीय कानून के हिसाब से युद्ध अपराध माना जाता है, चाहे वह जानबूझकर किया गया हो या गलती से।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंट सॉल्यूशंस, बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित तथा बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादकः तनुजा पठान* । प्रधान संपादकः राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888) ।
प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल, फोनः 0141-2796794, 2796795 । ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)